संसाधनों की सुलभता मनुष्य के जीवन को विभिन्न प्रकार से प्रभावित करती है। इससे ही मनुष्य अथवा किसी देश की आर्थिक क्षमता, सामाजिक संगठन, सामाजिक स्थिरता व अन्तर्राष्ट्रीय, सम्बनध भी निर्धारित होते है। संसाधन की उपलब्धता या दुर्लब्धता मुख्य रूप से पर्यावरण पर निर्भर करती है विभिन्न पर्यावरणीय दशाओं में विभिन्न प्रकार के संसाधन पाये जाते हैं, जो मनुष्य के कार्यकलाप को प्रभावित करते हैं। मनुष्य भौतिक पर्यावरण को सबसे अधिक प्रभावित करता है। इस सन्दर्भ में मनुष्य भी भूमिका दो प्रकार की होती है। एक तरफ मनुष्य अपने हित के लिए केवल पर्यावरण का शोषण करता है, तो दूसरी तरफ शोषण के साथ–साथ पर्यावरणीय संसाधनों में योगदान भी करता है। पर्यावरणीय मुद्दों में वन और कृषि–भूमिक्षरण, संसाधन रिक्तीकरण (जल, खनिज, वन, रेत, पत्थर आदि) पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जैव विविधता में कमी, पारिस्थितिकीय प्रणालियों में लचीलेपन की कमी, गरीबों के लिए आजीविका, सुरक्षा शामिल है।[8] इस तरह जीवों ने चारों ओर की वस्तुओं जो उनकी जीवन क्रियाओं को प्रभावित करती है।

आधुनिक युग में खनिजों तथा धातुओं की खपत इतनी अधिक हो गई है कि प्रति वर्ष उनकी आवश्यकता करोड़ो टन की होती है। इस खपत की पूर्ति के लिए बड़ी–बड़ी खानों की आवश्कयता का उत्तरोत्तर अनुभव हुआ। फलस्वरूप खनिकर्म ने विस्तृत इंजीनियरों का रूप धारण कर लिया है। इसको खनन इंजीनियरी कहते है। संसार के अनेक देशों में, जिसमें भारत भी एक है, खनिकर्म बहुत प्राचीन समय से ही प्रचलित है। वास्तव में प्राचीन युग में धातुओ तथा अन्य खनिजों की खपत बहुत कम थी, इसलिए छोटी–छोटी खान ही पर्याप्त थी।

मानव पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण अंग है और उससे प्रभावित भी होता है किन्तु आधुनिक मानव पर्यावरण की उपज मात्र नहीं है बल्कि उसका संशोधक और निर्माता भी है। आज पर्यावरण के साथ मानव के सम्बन्ध को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है क्योंकि आधुनिक मानव ने अपने विकसित मास्तिष्क के कारण पर्यावरण को प्रभावित ही नहीं किया है अपितु उसे नियंत्रित करने की क्षमता प्राप्त कर रहा है। आदि मानव की अपेक्षा आधुनिक मानव की क्षमता को भी प्रभावित करने लगा है। प्रारम्भिक आवश्यकताओं की पूर्ति में चिंतनशील एवं क्रियाशील होने के कारण मानव ने पर्यावरण में वर्तमान तक अनेक परिर्वतन किया है। वर्तमान समय में मानव पर्यावरणीय परिवर्तन का सर्वाधिक शक्तिशाली कारक के रूप में क्रियाशील है।

मानव एवं उसके समाज के उद्भव एवं विकास की प्रक्रिया के प्रारम्भिक चरण में इस ग्रहीय पृथ्वी के भौतिक तत्वों (स्थल, मृदा, जल, वायु वनस्पति तथा जन्तु) से मनुष्य के पर्यावरण की रचना होती थी तथा मनुष्य मूलरूप में भौतिक मानव था क्योंकि उसकी आवश्यकताएं (जल, वायु, भोजन तथा निवास) सीमित थीं तथा वह पूर्णरूपेण प्रकृति पर निर्भर था।

वास्तव में मानव पर्यावरण सम्बन्धों के निश्चयवादी परिदृश्य के अनुसार मनुष्य प्राकृतिक पर्यावरण के अधीन होता है क्योंकि मानव जीवन के सभी पक्ष (स्वस्थ्य, सुख, आराम, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, नैतिक, सौन्दर्य) न केवल भौतिक पर्यावरण पर आश्रित होते है वरन् उसे बड़े पैमाने पर प्रभावित तथा नियंत्रित भी करते है। सेम्पुल ने मनुष्य पर पर्यावरण के पूर्ण नियंत्रण तथा प्रभाव को स्पष्ट किया है।

काल परिप्रेक्ष्य में देखा जाये तो यह स्पष्ट होता है कि मनुष्य व पर्यावरण का संबंध सदैव एक जैसा नहीं रहा है। मनुष्य अपने भोजन की आूपर्ति के लिए पूर्णतः भौतिक वातावरण पर आश्रित था। जंगल से फलफूल तथा कन्दमूल प्राप्त कर अपना जीवन व्यतीत करता था। मानव गतिविधियों से पर्यावरण को किसी भी प्रकार से हानि नहीं पहुॅचाती थी। यद्यपि मनुष्य विस्तृत पैमाने पर प्राकृतिक संसाधन का प्रयोग करता था।

प्रारम्भ में आदि मानव भौतिक पर्यावरण से अन्य जीवों के समान संसाधन (फल, फूल, मांस आदि) प्राप्त करता था तथा पर्यावरणीय संसाधनों में अपना योगदान भी करता था। अतः मानव संस्कृति के विकास के प्रथम चरण में पर्यावरण का अन्य कारकों के समान एक कारक मात्र था। जैसे–जैसे उसके समाज तथा उसकी संस्कृति के विकास के साथ उसकी बुद्धि, कौशल तथा प्रौद्यौगिकी का विकास होता गया वैसे–वैसे पर्यावरण के साथ उसकी भूमिका तथा सम्बन्ध में भी उत्तरोत्तर परिवर्तन होता गया। जो मानव प्रारम्भ में प्रकृति का अंग तथा साझीदार था, वही आगे चलकर उसका स्वामी बन बैठा। अतः मानव और पर्यावरण के मध्य सहभागिता तथा परस्वावलम्बन का सम्बन्ध सन्तुलित न रहा और मानव प्राकृतिक पर्यावरण का कारक एवं पालक न होकर उसका विध्वंशक हो गया। मानव पर्यावरण के मध्य बिगड़ते सम्बन्धों का मूलकारण मानव की प्रौद्योगिकी ही है क्योंकि इसी के कारण प्रागैतिहासिक काल से लेकर वर्तमान औद्योगिक काल तक मानव पर्यावरण सम्बन्धों में आमूल–चूल परिवर्तन किया है। मानव की धार्मिक विचार धारा तथा भौतिकवादी दष्टिकोण ने भी मानव–पर्यावरण सम्बन्धों को बड़े पैमाने पर बदलने में अहम भूमिका निभायी है।

भौतिक संसाधनो को सुरक्षित रखने के लिये हमें नये उपायो पर विचार करना होगा प्राकृतिक संसाधनों को न केवल संरक्षित करना होगा बल्कि इसे बढ़ावा भी देना होगा। विकास की एसी नीतियों पर जोरदिया जाना चाहिए जिससे भौतिक संसाधनो का कम से कम क्षरण हो। मनुष्य और प्रकृति को इस विनाश से बचाने के लिये उस परम्परा की ओर लौटना होगा जहॉ मनुष्य और प्रकृति में सामंजस्य हो, विरोध नहीं, जीवन दृष्टि प्रकृति के संयमित और विवकेशील इस्तेमाल की हो, लूट–खसोट की नहीं, पर्यावरण की संस्कृति पर आधारित जीवन–पद्धति और जीवन दृष्टि की ओर लौटना होगा इसमें मानवीय क्रियाओं पर नियंत्रण लगाना आवश्यक है। इसी आधार पर हम अपने लिये और अपनी अगली पीढ़ी के लिये पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रख सकते है।

संदर्भ सूची

1. अर्थिक भूगोल के मूल तत्व, जगदीश सिंह, के0एन0 सिंह, ज्ञानोदय प्रकाशन गोरखपुर 2010 P 38–41
2. संसाधन भूगोल डॉ0 राम कुमार गुर्जर, डॉ0 बी0सी0 जाट, पंचशील प्रकाशन, जयपुर 2016 पेज 1 – 5
3. संसाधन भूगोल, सतनाम सिंह, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, दरियागंज नई दिल्ली 2008 पेज 14
4. संसाधन भूगोल डॉ0 राम कुमार गुर्जर, डॉ0 बी0सी0 जाट, पंचशील प्रकाशन, जयपुर 2016 पेज 11–17
5. Johnston, R.J, Gregory, D., Pratt, G and Watts, M., The Dictonary of Human Geography, 4th edition, p. 706
6. Fellmann, J., Getis, A. and Getis, J., Human Geography, Landscapes of Human activities, 1997, P.278
7. Human Activites and their Adverse Impact on Enviromental Dr. Pramod Kumar, Dr Roopam Sharma Pratyush Publications New Delhi 2018, Pg 194-195
8. पर्यावरणीय समस्याय, चन्द्राप्पा रमेश एवं डी0आर0 रवि रिसर्च इंडिया प्रकाशन दिल्ली 2009

आत्म–विकास : सम्प्रेषण–पारस्परिक निर्भरता – एक सिंहावलोकन

डॉ0 संजय कुमार खरवार
असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग
राजकीय महाविद्यालय,
ढाढा बुजुर्ग, हाटा,
कुशीनगर

मनोविज्ञान में आत्म–विकास का अर्थ –अपने व्यक्तित्व तथा योग्यताओं के बारे में जानना एवं उनको उत्तरोत्तर विकसित करने से है। व्यक्तित्व विकास केवलसामाजिक दृष्टिकोण से ही आवश्यक नहीं होता बल्कि व्यवसायिक परिधि में आत्मविश्वास के प्रभाव से, व्यापारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से व्यापारिक लाभ के बढ़ने की पूरी सम्भावना भी रहती है। यह आत्मविश्वास सामाजिक लोगों से सम्पर्क करके ही सम्भव हो पाता है जो कि संचार के माध्यम से ही सम्भव है।

आत्म–विकास व्यक्तिनिष्ठ एवं सापेक्षिक है। विभिन्न व्यक्तियों के लिए इसका सम्बन्ध अलग–अलग होता है। आत्म शब्द का सम्बन्ध एक व्यक्ति के समग्रता से है जो उसके निजी गुणों एवं लक्षणों से सम्बन्धित है। गुणों की समग्रता से अभिप्राय व्यक्ति की शारीरिक, बौद्धिक शक्ति, प्रतिमान, भौतिकवादिता, आध्यात्मिकता आदि गुणों से है एवं विकास शब्द का अभिप्राय व्यक्ति में नई–नई क्षमताओं एवं गुणों का विकसित होना है। इस प्रकार आत्म–विकास वास्तव में एक व्यक्ति में इन सभी गुणों के संतुलित शैली के विकास से है। अन्य अर्थों में आत्म–विकास से आशय व्यक्ति के सभी गुणों में परिवर्तन या विकास से है, जिसके कारण व्यक्ति के कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और व्यवहार में प्रगति के मार्ग दृष्टिगोचर होते हैं।

आत्म–विकास का उद्देश्य–

- हमें अपने आप को पूर्ण और एकरूपता के रुप में विकसित करना चाहते है जिसमें मनुष्य के व्यक्तित्व संतुलन और निर्णय लेने के सभी परिमाण मौजूद हों।

- लोगों के साथ मिलकर बिना भेदभाव, सहयोग एवं सहस से कार्य करने की योग्यता विकसित करने के लिए और साथ ही साथ विवेक से कार्य करने हेतु, ताकि अनैच्छिक तत्व अनुचित लाभ न लें सकें।

- अपने आप को केवल कर्मचारी के रुप में सेवायें प्रदान करने हेतु विकसित नहीं करना, बल्कि बहुमुखी और संस्थान के स्पष्ट दृष्टिकोण वाले नेता के रुप में विकसित करने के लिए।

- दिमाग को तर्क–संगत विशेषज्ञ, दूरदर्शी और कलात्मक रुप में पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए।

- यह सीखना कि कैसे सीखा जाए और पेशेवर दक्षता को अधिकतम सीमा तक विकसित करने के लिए।

- अपने अन्दर मूल्यवान, बहुमुखी उन मूल्यों को उत्पन्न करना जो कि विभिन्न जातियों, जीवों एवं सांस्कृतिक आन्तरिक बुद्धिमत्ता पर आधारित है।

- मानसिक विकास परिमाण में गहराई से सोचना, विश्लेषण करना, पढ़ना, लिखना और भविष्य निर्माण की कल्पना करना आदि सम्मिलित है।

- सकारात्मक और आशावादी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए।

- अच्छी आदतों को अपनाना जिससे भावनाओं, समय, धन, एवं शक्ति की बचत की जा सके।

आत्म–विकास का महत्व –

1. **आत्मविश्वास में वृद्धि** –आत्मविश्वास एक व्यक्ति में साहस की वृद्धि करता है और जब व्यक्ति में इस साहस के कारण उठाने की क्षमता आ जाती है तो संदेशवहन भी उसी तेज गति से प्रारम्भ हो जाता है तथा इससे संगठन के लाभ की मात्रा बढ़ जाती है।

2. **सीखना एवं ज्ञान में वृद्धि** –आत्म–विकास एक व्यक्ति में सीखने की ललक उत्पन्न करता है, समझने और निर्वचन करने की इच्छा शक्ति को जन्म देता है। अतः इस दशा में, एक संदेशवाहक एवं संदेश प्राप्तकर्ता दोनों के ज्ञान में, संदेश के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है।

3. **आत्म सम्मान का विकास** –आत्म–विकास व्यक्ति को विनम्रता की तरफ मोड़ देती है जिससे स्व–सम्मान एवं स्वाभिमान को बल मिलता है।

4. **वैचारिक समझ में वृद्धि** –आत्म–विकास मानव की सोच में सकारात्मक परिवर्तन कर देता है तथा उसकी सोच–समझकर निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि कर देता है । इस तरह वह संदेशों की उपयुक्त ग्राह्यता के उपरान्त वह एक अच्छा व सार्थक परिणाम अपने श्रेष्ठ निर्णयों के आधार पर संगठन को दे सकता है।

5. **नव–सृजन एवं नव–प्रवर्तन** –एक व्यक्ति का दिमाग हमेशा नई रचनाओं के प्रति क्रियाशील रहता है और उसी के अनुसार संदेश प्राप्त होने पर रचनात्मक कदम बढ़ाते हुए वह नवीन शैली की वस्तुओं के उत्पादन की ओर सफलता प्राप्त कर सकता है।

6. **कार्मिक एवं सांगठनिक प्रभावशीलता में बढ़ोत्तरी** –आत्म–विकास से जब विचारों की स्पष्टता बढ़ती है, ज्ञान में वृद्धि होती है। आत्म–विकास झलकता है तो स्वाभाविक है कि संगठन में कार्यरत व्यक्तियों की प्रभावशीलता में वृद्धि होगी और उत्पादन–क्षमता बढ़ने से संगठन भी प्रभवी स्वरूप में उभर सकेगा। संदेशों के आदान–प्रदान में भी श्रेष्ठता सिद्ध होगी।

7. **स्पष्ट–पूर्वाविचार** –एक संदेशवाहक तथा संदेश प्राप्तकर्ता के मन में, संदेश के प्रति कई विचार पनपते हैं किन्तु वे स्पष्ट रूप से तब उजागर हो पाते हैं, जबकि उसका आत्म–विकास बलवती होता है।

8. **व्यक्तित्व की अनुकूलता** –एक व्यक्ति के अन्तर्मन में पूर्वाविचार, सीख, प्रवृत्ति, अभिवृत्ति, दृष्टिकोण, शारीरिक दृष्टि, मानसिक रूचि, मूल्य, मानक आदि छिपी हुई स्थिति में होता है। आत्म–विकास इन्हें अन्तर्मन से बाहर निकालकर संदेशवाहक के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करने में पूर्ण सहायता करता है।

आत्म–विकास की विशेषताएँ –

1. आत्म–विकास एक सापेक्षिक एवं व्यक्तिगत प्रक्रिया है।
2. आत्म–विकास एक व्यक्ति के निजी गुणों एवं लक्षणों से सम्बन्धित है।
3. यह स्वतः अभिप्रेरण का परिणाम है, बाहरी अभिप्रेरण का नहीं।
4. आत्म–विकास एक व्यक्ति के शारीरिक, आध्यात्मिक, मानसिक एवं बौद्धिक गुणों के विकास का नव–प्रवर्तन है।
5. आत्म–विकास से आत्मबल में वृद्धि होने के कारण सन्तुलित सोच को जन्म मिलता है।
6. आत्म–विकास व्यक्ति के समग्रता की ओर बढ़ते हुए, प्रतिमानों से भी ऊपर उठ जाता है।
7. आत्म–विकास का सम्बन्ध सन्देशवहन से होना स्वाभाविक है क्योंकि स्वविकास के कारण ही रचनात्मक लेखन एवं प्रभावशाली भाषा को बल मिलता है जिससे न केवल श्रेष्ठ श्रोता एवं एक वक्ता की श्रेणी में आ सकते हैं।

आत्म–विकास के सम्बन्ध मे ध्यान देने योग्य बातें –

- योजना बनाओ और समय के प्रति प्रतिबद्ध रहो।
- दूसरे व्यक्तियों को सम्मान दें और स्वीकार करें।
- जिम्मेदार तथा प्रतिक्रियात्मक रहें।
- मस्तिष्क का सही उपयोग करें।
- सीखना कभी मत रोकिए।

- अत्यन्त उत्तम मूल्यों को अपनाइये।
- प्रत्यक्ष ज्ञान से परिवर्तन लायें।
- हमेशा सकारात्मक सोच रखें।

सम्प्रेषण किस प्रकार आत्म–विकास करता है।

- **मौखिक संचार के माध्यम से आत्म–विकास** –समाज में रहने वाला हर व्यक्ति सफल नहीं हो पाता जो बुद्धिमान तो होता है, परन्तु वह दूसरों को अपने मौखिक संचार से संतुष्ट नहीं कर पाता जबकि एक ऐसा व्यक्तिजो अपनी बात से दूसरों को पूर्ण संतुष्ट कर लेता है भले ही वह अधिक बुद्धिमान नहीं है।

- **भाषा के संचार माध्यम से आत्म–विकास** – भाषा की समझ तथा उसके सही प्रयोग से व्यक्ति के आत्म–विकास में बढ़ोत्तरी सम्भव होती है। आप उसी भाषा का प्रयोग करें जो सुनने वाला समझ सके। जैसे– हिन्दी भाषा समझता हो तो हिन्दी भाषा का ही प्रयोग करना उचित है न कि अंग्रेजी भाषा। तभी वह व्यक्ति आपका सम्मान करेगा जब आप उससे उसी की समझ वाली भाषा का प्रयोग करेंगे। इस प्रकार आपका आत्म–विकास संचार के माध्यम से सम्भव होगा।

- **लिखित सम्प्रेषण द्वारा आत्म–विकास** –जितना भी लेखन कार्य होता है वह एक प्रकार का एक संचार माध्यम है। ण्क व्यक्ति दूसरे के लिए जो लिखता है वह लिखित सम्प्रेषण के अन्तर्गत आता है। व्यक्ति ने जितना स्पष्ट समझ में आने वाली सामग्री लिखी है पढ़ने वाला उसे उतनी ही आत्मीयता एवं गहनता से पढेगा तब उसे समझकर अपने ऊपर लागू करेगा जिससे उसका आत्म–विकास सम्भव होगा।

- **आभाषिक सम्प्रेषण द्वारा आत्म–विकास** –अभाषिक सम्प्रेषण के विभिन्न स्वरूप जैसे– भाव–भंगिमा, आसन, चेहरे की मुद्रा आदि आत्म–विकास को बढ़ाता है। अभाषक सम्प्रेषण का निरन्तर प्रयोग व समझ व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है। अभाषिक सम्प्रेषण कास यह स्वरूप केवल रूचिकर नहीं बल्कि निर्देशात्मक भी है। अतः ये आत्म–विकास को बढ़ाने में सहायक है।

- **श्रवण क्षमता द्वारा आत्म–विकास** –श्रवण प्रभावशाली सम्प्रेषण का एक विशेष अंग है। एक सफल व्यवसायी अपने ग्राहकों की बात को ध्यानपूर्वक सुनता है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिया गया उपयोगी सुझाव आत्म–विकास में सहायक होता है।

आत्म–विकास किस प्रकार सम्प्रेषण में सुधार लाता है?

- **व्यक्तित्व सम्प्रेषण दक्षता में सुधार लाता है**–आत्म–विकास से संचार दक्षता में सुधार आता है। एक उत्तम पद पर नियुक्त व्यक्ति उस व्यक्ति की जो उससे बातचीत कर रहा है

ध्यानपूर्वक सुन सकता है और उसके विचारों तथा अनुभूतियों को अच्छी प्रकार सकता है जो कि एक घमंडी और सहनशीलता न रखने वाला मनुष्य नहीं कर सकता। एक उच्च कोटी का पढ़ा–लिखा व्यक्ति लाईनों के बीच पढ़ सकता है और अच्छी प्रकार से लिख सकता है।

- **अच्छी सामूहिक दक्षता** –स्व–विकसित व्यक्ति लोगों के साथ सामान्य रूप से रह सकता है। दैनिक जीवन में जो आपसी झगड़े होते हैं उनके अधिकतम कारण हमारे अन्दर अन्तर्द्वन्द्व, अवचेतन स्वभाव और छोटेपन रहकर पहचान करना है। स्व–विकसित दूसरों के साथ एक साथ एकरूपता महसूस कर सकते हैं क्योंकि वे प्रत्येक व्यक्ति में प्रकृति की एक विशिष्ट उपस्थिति और सार को स्वीकार करते हैं।

- **संतुष्टिकारक सहयोग** –आत्म–विकास द्वारा संतुष्टिकारक सहयोग एवं संचार को रास्ता मिलता है। कर्मचारियों में आपसी सहयोग और विश्वास की कमी के कारण संस्थान में संचार अप्रभावी सिद्ध होता है। आत्म–विकास द्वारा न केवल व्यक्ति में आत्म–विश्वास उत्पन्न होता है बल्कि उन व्यक्तियों में भी आत्मविश्वास उत्पन्न होता है जो उसके साथ कार्य कर रहे हैं। इससे संतुष्टि की भावना होती है और लोग एक दूसरे को सहयोग करते हैं।

- **विश्वसनीय नेतृत्व** –आत्म–विकास द्वारा ही लोगों को नेतृत्व द्वारा प्रभावित करने की एक विधि है । जिसके द्वारा लोगों का स्वैच्छिक सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। विश्वसनीयता, सच्चाई, गहरी आन्तरिक सोच और स्पष्ट दृष्टिकोण सफल नेताओं की आवश्यक योग्यताएँ हैं। यह लोग दूसरे लोगों को प्रेरित करते हैं और एक वातावरण उत्पन्न करते हैं जिससे संचार व्यवस्था उपयागी सिद्ध होती है।

सन्दर्भ सूची–

1. अग्रवाल, डॉ0 पी0के0 एवं मिश्रा, ए0के0 : व्यवसायिक संचार, पृ0 41, 44.
2. मिश्रा, डॉ0 विनोद एवं शुक्ल, डॉ0 नरेन्द्र : व्यवसायिक सम्प्रेषण, पृ0 73, 75, 76.
3. सिंह, डॉ0 अनिल प्रताप : व्यवसायिक सम्प्रेषण, पृ0 61.
4. गुप्ता, डॉ0 ए0के0 एवं राज, विरेन्द्र कुमार बोध तथा ग्रोवर, सी0एल0 पृ0 7.3, 7.4, 7.5.
5. शर्मा, प्रो0 भगवती प्रकाश एवं जैन, प्रो0 राजीव एवं दयाल, डॉ0 पुरुषोत्तम पृ0 74, 75.

पंचायती राज व्यवस्था की अवधारणा : चुनौतियां एवं समाधान

डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग,
समता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सादात, गाजीपुर

पंचायत जो भारत के ग्रामीण जीवन में प्रारम्भिक काल से गांव समाज की समस्या एवं परस्पर विवाद के समाधान के लिए एक सहज जीवन शैली और बाद में एक सामाजिक व्यवस्था के रूप में व्यवहरित थी, वह 73वें सविधान संशोधन के बाद आज स्वतंत्र भारत की राज्य व्यवस्था की तीसरी सरकार के रुप में प्रतिष्ठित हुई है। भारत के संविधान के भाग 9 में इसके लिए लगभग वह सारे प्रावधान किए गए हैं जो किसी भी संस्था को सरकार बनाने के लिए पर्याप्त होते है।

भारत का गांव एक सांस्कृतिक इकाई है। जो परिवार और पड़ोस से मिलकर बनती इस सांस्कृतिक इकाई का जो स्वरुप प्रारम्भिक रुप में विकसित हुआ वह गांव समाज है। लार्ड मेटकाफ ने ग्राम समाज को ''छोटे–छोटे प्रजातंत्र के रुप में'' परिभाषित करते हुए कहा कि, ''प्रत्येक समाज (ग्राम समाज) अपने आप में एक छोटा–सा स्वतंत्र राज्य होता है– उनके सुख का बहुत बड़ी हद तक जो साधन बनता है, उसके अन्तर्गत वे बड़ी मात्रा में स्वतत्रंता और स्वाधीनता का उपयोग करते है,,। अपने प्रारम्भिक काल से गांव समाज ने पंचायत की परम्परा को संजोया और अपने स्वावलम्बन तथ्झा आत्मनिर्भरता के लिए इसी का आधार बनाया। इतिहास के सभी कालों में वह परम्परा अक्षुण्ण रही है।[1]

पंचायती राजव्यवस्था का ऐतिहासिक स्वरुप

हमारी संस्कृति तथा सभ्यता के सदृश्य के ही पंचायत तथा पंचायती राज की एक गौरवशाली परम्परा का निरुपण सदियों से होता चला आ रहा है। वास्तव में ग्राम पंचायतों का अपना इतिहास है। अपनी रेखा तथा आकृति है। ग्राम पंचायतों का जन्म सभ्यता के विकास के साथ–साथ प्रारम्भ हुआ। प्राचीन काल से ही पंचायत स्वायत्त शासन पद्धति के रूप में कार्य कर रही है। राजनैतिक या धार्मिक घटना चक्र से होने वाले परिवर्तनों के होते हुए भी यह ग्रामीण समाज रचना अविचिलित रुप से चलती आ रही है।

पंचायतों के उद्भव के प्रारम्भिक काल और स्वरुप के विषय में कुछ कहना अत्यन्त ही किठन है। इसका प्रमुख कारण यह है कि इतिहास सभ्यता के आरम्भिक काल के सम्बन्ध में पर्याप्त सूचना देने में असमर्थ है। विद्वानों का विचार है कि सबसे पहले मनुष्य ने कृषि युग में ग्रामीण समाजिक जीवन को जन्म दिया। मानव ने पेड़ो की छाया में रहने से आगे बढ़कर कृषि करने के अभिप्राय से जब गृहो का निर्माण किया तो फलस्वरूप समूहों का भी उद्भव हुआ। इसके साथ ही साथ संगठन तथा व्यवस्था का भी प्रश्न उठा। वेदों में ग्राम तथा ग्राम संगठनों की झलक अनेक स्थानों पर देखने को मिलती है।

वैदिक काल में ग्राम स्वराज्य था, गाँव हर बातों के लिए आत्म–निर्भर था, गाँव अपनी जरुरत की चीजें स्वयं पैदा कर लेता था। वैदिक कालीन ग्राम शासन 'सभा' या 'समिति' के नाम से अभिहित किया जाता था ग्रामाध्यक्ष को वैदिक काल में 'ग्रामीण' कहते थे, उनकी आज्ञा दैवाज्ञा तुल्य थी। महाभारत में पंच और पंचायतों का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। 'सभा पर्व' में नारद, युधिष्ठिर से पूछतें हैं ''क्या तुम्हारे राष्ट्र में बुद्धिमान और वीर पंच करों को वसूलने और पंचायत के अन्य सहायक कार्यो को करने में संलग्न है,,। मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, नारद स्मृति, श्रुति पुराण सभी में ग्रामीण सामुदायिक संगठन के सम्बन्ध में स्पष्ट तथा विस्तृत नियम मिलते है। इन ग्रन्थों में इस बात का वर्णन भी मिलता है कि ''सब परस्पर भातृ समान

है और साथ–साथ गण के कल्याण के लिये कार्य कर रहे है। न कोई ज्येष्ठ है न कनिष्ठ सब जल की लहरों के सदृश्य है, सारी जनता राष्ट्रहित की भावना से उत्प्रेरित होकर प्रेम सद्भावना के साथ सहयोग पूर्वक रहती थी,,।[2] प्राचीन पंचायतों के विषय में **आशुतोष कुमार** ने लिखा गया है कि वैदिक काल में लोग प्रतिनिधित्व के सिद्धान्त का आदनर करते थे और अनेक प्रकार से उसका अपभोग करते थें। राज्याभिषेक के अवसर पर ग्रामीण अथवा ग्राम का मुखिया प्रतिनिधि के रुप में उपस्थिति होता था तथा राजा सरपंच और मुखिया जनता के आदेशों का पालन करते थें, प्रजा चाहती तो वे बड़ी कुर्बानी करने को तैयार रहते थे। राजाओं और गाँव के हाकिम की कोई निजी राजनीति नहीं होती थी। सरपंच अपने आप ऐसा हाकिम बन जाता था जो प्रजा की सेवा करता था। उसे काँटों का यह ताज पहनने और जिम्मेदारी का बोझ उठाने के लिए समझा बुझा कर राजी किया जाता था। **कौटिल्य** के अनुसार ग्राम के ऊपर पाँच ग्रामों का प्रायः समुह हुआ करता था, जिसके शासन का भार ''पंचग्रामी'' नामक राज्य कर्मचारी पर होता था। इसी प्रकार इस ग्रामों के सगठंन के ऊपर बीस–बीस गाँव के सगंठन होते थें और सौ–सौ तथा एक हजार ग्रामों के संगठित समूह होते थे। **कौटिल्य के अर्थशास्त्र** में चार प्रकार के ग्रामों का वर्णन मिलता है जो कि मौर्य काल में विद्यमान थे। **ग्रामागः परिहारकग्रामः** मौर्य काल में ब्राह्मण, विद्वान आचार्य, पुरोहित को राज की ओर से जमीने प्राप्त होती थी। ऐसी जमीने कर मुक्त हुआ करती थी। **योद्धा ग्रामः** इन ग्रामों में राजा कर नही लेता था, किन्तु उन्हें युद्ध के काल में प्रत्येक परिवार से योग्य सैनिकों की आशा रहती थी। कर देया ग्रामः इन ग्रामों में धन के रुप में कर नही लिया जाता था। धन के बदले में गाँव वाले अनाज देते थे। इन चारों प्रकार के गाँवों में पंचायती व्यवस्था थी। **दसवीं शताब्दी के शुक्र नीति–सार** में ग्राम पंचायतों का विस्तृत संगठन खचाने को मिलता है। उक्त वर्णन से यह पता चलता है कि उस समय ग्राम पंचायते निर्मित होती थी। ये गाँव पंचायतों का संगठन आधुनिक गणतन्त्र जैसा होता था। यह संगठन पाँच निर्वाचित व्यक्तियों को मिलाकर हुआ करता था। इसी कारण इसे **पंचायत** नाम से विभूषित किया गया। ये निर्वाचित व्यक्ति वयोवृद्ध, अनुभवी तथा प्रभावशाली होते थे। यही कारण है कि इनके मुख से निकला हुआ प्रत्येक शब्द कानून से भी अधिक प्रभावशाली होता था। वास्तव में पंच परमेश्वर की धारणा उस प्राचीन युग की अद्भुत कल्पना है जो कि सदियों से चलती आ रही है।[3]

18वीं शताब्दी से भारत में ब्रिटिश शासन का आरम्भ होने से पंचायतों की शक्ति पर सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस समय अनेक ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हुई, जिनके फलस्वरूप पंचायतों की उपयोगिता समाप्त होने लगी। इन परिस्थितियों में जमींदारी प्रथा, नगरों में जमीदारी प्रथा नगरों में न्यायालयों की स्थापना पुलिस विभाग का ग्रामीण जीवन में हस्तक्षेप, पश्चिमीकरण से उत्पन्न, व्यक्तिवाद, औद्यौगीकरण, तथा नवीन भूमि व्यवस्था आदि प्रमुख दशाएँ थी।

19वीं शताब्दी में गाँव पंचायत की स्थिति का चार्ल्स मैटकॉफ ने सजीव वर्णन किया है। ''ग्राम समुदाय छोटे–छोटे गणराज्य है, जिसमें जो उन्हें चाहिए वह सब कुछ उपलब्ध है। वे अपने विदेशी मामलों में प्रायः स्वाधीन है। जहाँ कोई चीज नही टिक पाती वहाँ वे टिके रहते है। एक के बाद एक राजवंश लुढ़क जाता है एक क्रान्ति के बाद दूसरी क्रान्ति आती है, हिन्दू, पठान, सिक्ख और अंग्रेज क्रमशः देश के शासक बनते है, लेकिन गाँव समुदाय ज्यों के त्यों रहते है। संकट के समय वे शस्त्र उठाते और अपनी रक्षा करते हैं। जब कोई आक्रामक फौज गाँव से गुजरती है, तो ग्राम समुदाय अपने पशुओ को इकट्ठा कर अपने बाड़े के अन्दर कर लेते है और शत्रु को बिना भड़कायें चले जाने देते है। अगर वे लूटपाट का निशाना बनते है और उसका मुकाबला नही कर सकते, तो वे लौटकर अपने धन्धें शुरु कर देते है। अगर किसी प्रदेश में लूटपाट और मारकाट चलती रहती है, जिससे कि गाँव नही बच सकते तो शान्ति लौट अपने पर गाँव वाले पुनः जहाँ पर सहुलियत से कब्जा किया जा सकता है, लौट आते है। पुत्र–पिताओं का स्थान ले लेते है।

उन्ही जगहों, उन्ही जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं, जिन पर कि उनके पूर्वज काबिज थे। ग्राम समुदायों का संगठन जिसमें कि हर एक ने अपने को पृथक राज्य के रूप में निश्चित किया, मेरे विचार में समस्त क्रान्तियों और परिवर्तनों के बीच भारतीय जनतन्त्र के बचे रहने तथा सुख और स्वतन्त्रता प्रदान करने का मुख्य कारण बना।

ब्रिटिश शासनकाल में व्यावहारिक रुप से पंचायतों का विघटन हो जाने के पश्चात् सरकार के समक्ष सबसे बड़ी समस्या यही थी कि ग्रामीण व्यवस्था को किस प्रकार बनाये रखा जाये। इस समस्या को हल करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने, **गाँव पंचायतों** के स्थान पर **ग्रामीण स्वायत्त शासन** की विचारधारा को कार्य रुप देने का निणर्य किया तथा इसकी अभिव्यक्ति के रुप में **जिला परिषदों की स्थापना** की, परन्तु ये परिषदें ग्राम्य जीवन के लिए कोई महत्वपूर्ण कार्य नही कर सकी। सर्वप्रथम सन् 1919 में **''बंगाल ग्राम पंचायत अधिनियम''** पारित हुआ तथा इसके पश्चात् अनेक दूसरे प्रान्तों की सरकारों ने गाँव पंचायतों के लिए अधिनियम पारित कियें। सन् 1920 में ''कलकत्ता काँग्रेस अधिवेशन'' में गाँधी जी ने ग्राम पंचायतों की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी वकीलों से विदेशी न्यायालयों का बहिष्कार करने का अनुरोध किया। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने गांवों में पंचायतों के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए यंग–इण्डिया में एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें उन्होंने न्यायालयों के स्थान पर ग्राम–पंचायतो को महत्व देने का सूझाव दिया। सन् 1922 में देशबन्धु चितरंजन दास ने भी अपने भाषणों में ग्राम पंचायतों की आवश्यकता पर बाल देते हुए अनेक सुझाव दियें। सन् 1931 की ''गोलमेज कान्फ्रेस'' में महात्मा गाँधी ने गाँव पंचायतों के पुनर्गठन की पुनः माँग की और इसके पश्चात् से ही उन्होंने गाँव पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण स्वराज्य की माँग आरम्भ कर दी। इस प्रकार स्वतंत्रता से पूर्व ही काँग्रेसी नेताओं के द्वारा ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के लिए अथक प्रयास किये गये, लेकिन इसके पश्चात् ही भारत में स्वतन्त्रता से पूर्व तक पंचायतों के पुनर्गठन के क्षेत्र में कोई व्यवहारिक सफलता प्राप्त नही की जा सकी।[4]

''स्वतंत्र भारत में पंचायती राज व्यवस्था एवं संवैधानिक प्रावधान''

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात जनतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण का प्रश्न अत्यन्त महत्वपूर्ण हो उठा। संविधान बनने से पहले कुछ राज्यों में ग्राम पंचायत कानून पास किये जा चुके थे। ग्राम पंचायत को बहुत से कार्य सौपे गयें, जिससे उन्हें अधिक स्वतन्त्रता से ग्रामीण विकास के अवसर प्राप्त हो सकें।[5] **महात्मा गाँधी** ने भी पंचायती राज को ही गाँव की स्वाधीनता एवं समृद्धि का साधन मानते हुए लिखा कि ''स्वतन्त्रता नीचे से प्रारम्भ होनी चाहिए, इस प्रकार प्रत्येक गाँव एक गणराज्य अथवा पंचायत का राज होगा, उनके पास पूरी सत्ता''और ताकत होगी। इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक गांवा को आत्मनिर्भर बनना होगा। अपनी आवश्यकताएँ स्वयं पूरी कर लेनी होगी ताकि वह अपना सारा प्रबन्ध स्वयं चला सके।'' भारत के संविधान में ग्राम पंचायतों का विधान किया गया। **40 वीं धारा** में यह स्पष्ट रुप उल्लेख किया गया कि ''राज्य को यह प्रयास करना चाहिये कि ग्राम पंचायतों को पुनर्गठित किया जायें और इन्हें इतने अधिकार दिये जायें कि वे स्वशासन की इकाइयों के रुप में काम कर सकें,,। सविधान समिति द्वारा ग्राम पंचायतों को प्रचलित करने के सम्बन्ध में निर्णय करने से पूर्व ही विभिन्न राज्यों की काँग्रेस सरकारों ने पंचायत संस्थाओं को पुनर्जीवित करने का निर्णय कर लिया था। इस सम्बन्ध में **उत्तर प्रदेश** अग्रणी राज्य रहा, जिसमें 1947 में विस्तृत ग्राम पंचायत अधिनियम पारित हुआ, जिसने अन्य राज्यों के समक्ष उदारण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् 1951 दूसरी बार 1952 में और फिर सन् 1955 में ग्राम पंचायत अधिनियम को संशोधित किया गया, ताकि इन पंचायतों के समुचित विकास में आने वाली कठिनाइयों को दूर किया जा सके। 1953 तक लगभग सभी राज्यों में पंचायतो के लिये पृथक विभागों की स्थापना हो चुकी थी, जिनका कार्य राज्य पंचायतो राज अधिनियम को लागू करना, क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा पंचायत के संचालन का प्रबन्ध करना और उनके कार्यो

का निरीक्षण करना था। स्वतंत्रा के पश्चात् पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से समय–समय पर अनेक समितियाँ गठित की गयी है, जिसमें कुछ प्रमुख समितियाँ निम्नवत् है।

बलवंत राय मेहता समिति

बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट 24 नवम्बर सन् 1957 सरकार के सम्मुख प्रस्तुत की गयी थी। इस समिति का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना था कि लोगों में पंचायती राज व्यवस्था के प्रति उत्साह क्यों कम है तथा इस समस्या को पार पाने के लिए क्या तरीके अपनाए जाने चाहिए। इस समिति का प्रमुख निष्कर्ष यह था कि आम लोंगो को ग्रामीण विकास योजनाओं में भागीदार बनाने के लिए यह आवश्यक है कि योजना व प्रशासनिक सत्ता दोनों का विकेन्द्रीकरण हो। **इस रिपोर्ट में पहली बार विकेन्द्रीकरण के साथ लोकतांत्रिक शब्द जोड़ा गया है।** इसका अर्थ यह है कि जिस लोकतांत्रिक प्रणाली को हमारे देश ने अपनाया है, उसमें प्रत्येंक ग्रामीण सक्रिय भाग ले। आम नागरिक यह महसूस करे कि शासन प्रक्रिया में उसका भी योगदान है। रिपोर्ट के अनुसार सामुदायिक विकास व राष्ट्रीय विस्तार सेवा का विकास इसलिए नही हो पाता कि इनमें जन सहभागिता के तत्वों का अभाव था। जनता स्थानीय कार्यकलापों में तभी रुचि लेगी जब उनके लिए प्रतिनिधि सभायें गठित हों। प्रतिवेदन में कहा गया है कि ''बिना जिम्मेदारी और अधिकारों के विकास कार्यो में प्रगति नही हो सकती। सामुदायिक विकास सही अर्थो में तभी हो सकता है। जब समुदाय अपनी समस्याओं को समझे, आवश्यक अधिकारों का प्रयोग कर सकें। इस उद्देश्य से हम शीघ्र ही चुने हुए विधि सम्मत एवं निर्वाचित निकायों कि स्थापना करने की सिफारिशें करते हैं और आवश्यक संसाधन, अधिकार तथा प्राधिकार सौपे जाने की भी सिफारिश करते हैं। इस प्रतिवेदन में यह भी कहा गया था कि इन निकायों को अपना कार्य करने के लिए समुचित वित्तीय साधन मिलना आवश्यक है। इसके लिए एक कानून बनाकर आय के कुछ साधन इन्हें सौंप देने चाहिए। इन साधनों द्वारा जिन कार्यो के सम्पादन की समिति ने सिफारिश की थी, वे है– कृषि, पशुपालन, सहकारिता, लघु सिंचाई कार्य, ग्रामोद्योग, प्राथमिक शिक्षा, स्थानीय संचार, सफाई व्यवस्था व चिकित्सा आदि है।

बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट को **राष्ट्रीय विकास परिषद** ने स्वीकार किया और उसके बाद सभी राज्यों ने तीन स्तरीय पंचायती राज प्रणाली अपनाई। **राजस्थान पहला राज्य था, जिसने पचांयती राज की शुरुआत की। नागौर जिले से पंचायती राज का प्रारम्भ भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरू ने 2 अक्टूबर, 1959 को किया।** इसके बाद आन्ध्र प्रदेश ने 1959 से ही पंचायती राज की स्थापना की।

अशोक मेहमा समिति

12 दिसम्बर, 1977 को अशोक मेहता की अध्यक्षता में पंचायती राज समिति का गठन हुआ। इस समिति ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने हेतु निम्न सुझाव दिये हैः–

1. पंचायते दो स्तरों पर गठित होनी चाहिए। जिला स्तर पर जिला परिषद तथा मण्डल ब्लाक स्तर पर मण्डल पंचायत। (समिति ने ग्राम पंचायत स्थापित करने की सिफारिश नही की) औसतन 15,000 से 20,000 तक जनसंख्या पर एक मण्डल पंचायत होनी चाहिए। ग्रामों को ग्राम समितियों के माध्यम से मण्डल पंचायत में शामिल किया जाना चाहिए। चुनावों में अनुसूचित जाति व जनजाति को उनकी जनसख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये। पंचायतों का कार्यकाल 4 वर्ष का होना चाहिए। मण्डल व जिला स्तर पर दो ऐसी महिलाओं को भी जिन्होनें जिला परिषद चुनावों में अधिकतम मत प्राप्त किये हों, परिषद का सदस्य बनाया जाऐगा। जिला परिषद विभिन्न समितियों के द्वारा कार्य करेगी। ग्राम सभा का गठन होगा। जिसकी दो सभाएँ होगी। पंचायती राज चुनावों में राजनैतिक दलों की भागीदारी होगी।

2. पंचायतों की कार्य सूची विकास की गतिशीलता के आधार पर निर्धारित होनी चाहिए। विकेन्द्रीकरण को राजनैतिक खैरात या प्रशासनिक रियायत नही समझना चाहिए। प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों को सम्बन्धित स्थानीय स्तरों पर पर्याप्त अधिकारों और कार्यो का विकेन्द्रीकरण करना चाहिए तथा उसी अनुपात में उन्हें वित्तीय विकेन्दीकरण कार्यक्रम संभाले तथ जिला स्तर पर येाजना बनाए। पंचायतों को विकास कार्य सौंपना तब तक अपूर्ण रहेगा जब तक कि प्रचायतों को स्वयं निर्णय लेने और अपनी निजी आवश्यकता के अनुसार कार्यक्रम बनाने का अधिकार नही दिया जाता।
3. पंचायतों को केवल जनता के विचार जानने की सभा न बनाकर उन्हें उपलब्ध संसाधनों से स्वयं अपने लिए योजना तैयार करने में सक्षम बनाया जाना चाहिए। जिला परिषद जिले की योजना बनाए, जिला स्तर पर जिला योजना बनाने के लिए योग्य समिति का गठन किया जाना चाहिए।
4. पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से समाज के कमजोंर वर्गो को लाभान्वित करने के लिए कार्यक्रम तैयार करने होंगे।
5. राज्य सरकार के कार्यो को विकेन्द्रीकरण करने के साथ–साथ सभी जिला स्तर के अधिकारी को जिला परिषद तथा उसके नीचे के स्तरों के अधीन रखना होगा। श्रेणी–1 और श्रेणी–2 का राजपत्रित कर्मचारी वर्ग राज्य सरकार के कैडर में रहें जबकि श्रेणी–3 तथा श्रेणी–4 का कर्मचारी वर्ग पूरी तरह से पंचायती राज सरकारों को हस्तान्तरित कर दिया जाय। जिला परिषद के कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति स्वतंत्र राज्य तथा जिला स्तर के बोर्डो द्वारा की जानी चाहिए। पंचायतों के लिए अलग से एक मंत्री होना चाहिए।
6. राज्य सरकार द्वारा बजट हस्तान्तरित करने के अलावा पंचायतों को स्वयं भी अपने वित्तीय साधन जुटाने होगें तभी वह सही ढंग से अपने दायित्वों को निभा सकती हैं। वसूल किये गये ऐच्छिक करों के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए। भू–राजस्व पर उपकर, जन्मदर पर उपकर, स्टाम्प शुल्क पर अधिमूल्य, मनोंरजन कर, प्रदर्शन कर आदि पंचायतों को सौप देन चाहिए। इनमें अधिक प्रतिशत मण्डल पंचायतों को होना चाहिए। बाजार, हाट, मण्डी, मेले आदि राजस्व के महत्वपूर्ण साधन है। यें सब पंचायतों को सौंपे जाने चाहिए। पंचायती राज वित्त नियम स्थापित किये जाने चाहिए।
7. मानवीय संसाधन– विकास के उद्देश्य से सरकारी कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के अलग–अलग व संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मूल्याकंन होना चाहिए। महिला मण्डल के गठन को प्रोत्साहन देना चाहिए। पंचायती राज सरकारों को मजबूत बनाने तथा जन समर्थन जुटाने के लि स्वैच्छिक संस्थाओं को प्रोत्साहन देना चाहिए।
8. सहकारी समितियों व पंचायती राज संस्थाओं में समन्वय का सम्बन्ध होना चाहिए। मण्डल पंचायतों का आधारभूत ढाँचा मजबूत करने के लिए ग्रामीण बैंको की स्थापना की जानी चाहिए। जिला परिषद व मण्डल पंचायत का नगरपालिकाओं से सम्बन्ध स्थापित होना चाहिए।

इस प्रकार हम देखते हैं कि इस समिति ने जिला स्तर को तीसरी सीढ़ी की सरकार बनाने की बात कही, जो पंचायती राज व्यवस्था को वास्तव में स्वायत्त शासन की सरकार बनाने के लिए आवश्यक थी। इस समिति ने पंचायतों को विकास संस्थाएँ बनाने के बजाए राजनैतिक संस्थाएँ बनाने की सिफारिश की।

इस समिति की सिफारिशों के आधार पर पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश तथा जम्मू व कश्मीर राज्यों ने अपने–अपने पंचायत अधिनियमों में अपनी स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर संशोधन किये, लेकिन यह शुरूआती उत्साह सभी राज्यों में अधिक समय तक कायम नही रह सका। पश्चिम बंगाल

कर्नाटक आन्ध्रप्रदेश आदि राज्य ही है जहाँ 1978 से लेकर अब तक नियमित रुप से पंचायतों के चुनाव होते रहे है, वहाँ राज्य के बजट का बहुत बड़ा भाग इस संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास पर व्यय हुआ।

जी0 वी0 के0 राव समिति

योजना आयोग द्वारा इस समिति का गठन 25 मार्च 1985 को ग्रामीण विकास व गरीबी उन्मूलना से सम्बन्धित प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट 1985 में प्रस्तुत की । इस समिति ने पंचायतों की आर्थिक स्थिति, उनके चुनाव और कार्य कलापों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य सरकारें लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के प्रति उदासीन रही है। अधिकांश राज्यों में पंचायतें शक्ति व अधिकार तथा संसाधनों के अभाव में निष्प्रभावी होती जा रही है। समिति ने पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए निम्न सुझाव दिये–

1. योजनाएँ तैयार करने, निर्णय लेने व उसे लागू करने कार्यो पचायतों को सौपा जाए, क्योंकि वे जनता के अधिक निकट है। राज्य की शक्ति को जिला स्तर पर पंचायतों को सौंपना आवश्यक है।
2. समिति का मत था कि जिला स्तर पर विशेष रुप से विकेन्द्रीकरण किया जाना चाहिए। जिला परिषद के एक सदस्य को 30,000 ये 40,000 की जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। बैंकों, शहरी स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं के प्रतिनिधि, विधानसभाओं के सदस्य, व संसद भी इसमें सहयोजित होने चाहिए। समाज के कमजोर वर्ग व महिलाओं का इनमें पर्याप्त प्रतिनिधित्व होने चाहिए। समाज के कमजोर वर्ग व महिलाओं का इसमें पर्याप्त प्रतिनिधित्व होना चाहियें इसका कार्यकाल 8 साल का होना चाहिए। कार्यकाल समाप्त होते ही चुनाव कराना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में यदि उनका कार्यकाल बढ़ाया भी जाय तो वह 6 महीने से अधिक नही होना चाहिए।
3. जिला स्तर के सभी कार्यालय स्पष्ट रुप से जिला परिषद के अधीन होने चाहिए। कृषि, पशुपालन, सहकारिता लद्यु सिंचाई, प्राथमिक व प्रौढ़ शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, ग्रामीण जल आपूर्ति, जिले की सड़कें, लद्यु व ग्रामोद्योग, अनुसूचित जाति का कल्याण, समाज व महिला कल्याण और सामाजिक वन पालन जिला परिषदों को दे देने चाहिए।
4. कार्य सम्पादन के लिए जिला परिषदों की विभिन्न समितियाँ गठित की जानी चाहिए।
5. राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली धनराशि को निर्धारित करने का काम वित्त आयोग को दिया जाना चाहिए, जिसकी नियुक्ति हर पाँच साल के बाद होनी चाहिए। जिला स्तर पर वित्त पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते रहें, इसके लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य विकास परिषद का गठन होने चाहिए। राज्य सरकार में सभी मंत्री व जिला परिषदों के अध्यक्ष इस समिति के सदस्य होने चाहिए तथा विकास आयुक्त को इसका सचिव होना चाहिए।
6. जिला स्तर से नीचे पंचायत समिति या मण्डल पंचायतें गठित की जानी चाहिए और इनका गठन व संरचना जिला परिषद जैसी ही होनी चाहिए। प्रत्येक गाँव में ग्राम सभा हो, यह बात भी समिति ने कही।
7. पंचायत समिति या ग्राम व मण्डल पंचायत स्तर पर बच्चों, महिलाओं व प्रौढ़ों के कल्याण के लिए एक उपसमिति का गठन होना चाहिए, जिसके सदस्य मुख्यतः महिलाएँ होनी चाहिए।
8. जो विभिन्न समाजसेवी संस्थाएँ ग्रामों में कार्य कर रही है, पंचायतों को विभिन्न समितियों के माध्यम से उनकी सेवाएँ लेनी चाहिए। इस प्रकार इस समिति ने पंचायतों को लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की संस्थाएँ बनाने के लिए कई ठोस सुझाव सरकार को दिए।

एल0 एम0 सिंघवी समिति

इस समिति का गठन 1986 में किया गया था। इसने ग्राम सभा को महत्व दिया। ग्राम सभा को लोकतंत्र के केन्द्र बिन्दु के रुप में देखा गया। इसकी कुछ मुख्य सिफारिशें है–

1. स्थानीय स्वशासन को संवैधानिक मान्यता दी जाय।
2. पंचायत स्तर पर चुनाव नियमित और बिना किसी देरी के कराये जायें।
3. पंचायती राज के काम करने के ढंग से सम्बन्धित मामलों का निपटारा करने के लिए हर एक राज्य में पंचायती राज न्ययियक (कानूनी) अधिकरण का गठन किया जाए।
4. पंचायतों को प्रभावशाली ढंग से काम करने के लिए काफी मात्रा में धन की व्यवस्था की जाए।
5. राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित न किया जाय।
6. मामलों के निपटाने के लिए न्याय पंचायत को मध्यस्थता या बीच बचाव का कार्य सौंपा जाए।[6]

73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1993

पंचायती राज व्यवस्था कों सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समय–समय पर अनेक समितियाँ गठित तो की गयी, किन्तु उनसे वांछित लक्ष्यों को पूर्णरुपेण प्राप्त नही किया जा सका। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से 24 अप्रैल, 1993 को 'पंचायती राज अधिनियम' लागू किया गया। इस अधिनियम में नियत समय में चुनाव कराने, सभी वर्गो को भागीदारी देने और बेहतर वित्तीय आवंटन कर पंचायतों को सवैधानिक रुप प्रदान किया गया है। इस अधिनियम की प्रमुख विशेषताएँ निम्नवत् हैः–

संविधान के 73वें संशोधन के द्वारा संविधान में एक नया अध्याय–9 जोड़ा गया। इस अध्याय में 16 अउच्छेद और एक अनुसूची (ग्यारहवीं अनुसूची) जोड़ी गईं। इस अधिनियम के पारित होने से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। यह अधिनियम 24 अप्रैल 1993 से सम्पूर्ण भारत में प्रभावशील हो गया। इस अधिनियम की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैः–

1. ग्राम सभा– प्रत्येंक गाँव में एक ग्राम सभा होगी और वह राज्य विधान मण्डल द्वारा उपलब्ध कराये गये अधिकारों का उपयोग और कार्यो का निष्पादन करेगी।
2. पंचायतों का गठनः अनुच्छेद 243 (ख) में त्रिस्तरीय पंचायती राज का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक राज्य में ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतों का गठन किया जायेगा, किन्तु मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों का गठन उस राज्य में नही किया जायेगा, जिसकी आबादी 20 लाख से अधिक नही है।
3. पंचायत की संरचनाः ग्राम स्तर, मध्यवर्ती स्तर तथा जिला स्तर पर पंचायत के सभी सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान द्वारा किया जायेगा। मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतों के अध्यक्षों का चुनाव सीधे न होकर निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जायेंगा, लेकिन ग्राम स्तर पर अध्यक्ष का चयन करने का निर्णय राज्य विधान मण्डल को दिया गया है।
4. पंचायतों में आरक्षणः (1) प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में तीनों स्तरों पर स्थान आरक्षित रहेगें। आरक्षित स्थानों में एक तिहाई स्थान इन वर्गो की महिलाओं के लिये आरक्षित रहेंगे। आरक्षित रहेंगे। (2) प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचान द्वारा भरे जाने वाले स्थानो की कुल संख्या के एक तिहाई स्थान (जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की संख्या

सहित) महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे, और चक्रानुसार से पंचायत के विभिन्न निर्वाचित क्षेत्रों को आवंटित किये जायेंगे।

5. पंचायतों का कार्यकालः प्रत्येक राज्य की पंचायत राज सस्थाओं का कार्यकाल सामान्य रुप से पांच वर्ष निश्चित किया गया है, किन्तु अगर कोई पंचायत विघटित कर दी जाती है तो नयी पंचायत का गठन शेष अवधि के लिये किया जायेगा।
6. सदस्यों की योंग्यता : पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के लिए निम्न योग्यतायें होनी चाहिये– (1) व्यक्ति ने 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, (2) वह व्यक्ति प्रवृत्ति विधि के अधीन राज्य विधान मण्डल के लिए निर्वाचित होने कि योग्यता (आयु के अतिरिक्ति अन्य योग्यताएँ) रखता हो, (3) वह राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाई गयी विधि के अधीन पंचायत का सदस्य निर्वाचित होने के योग्य हो।
7. पंचायतों के निर्वाचन : पंचायत के लिए निर्वाचन नामावली तैयार करने और पंचायतों के सभ निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण निर्वाचन आयोग में निहित होगा, इसके लिये राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया गया एक राज्य निर्वाचन आयुक्त होगी, जिसे केवल उसी रीति और उसी आधार पर उसके पद से हटाया जा सकता है जैसे कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।
8. पंचायतों की शक्तियाँ, प्राधिकार और उत्तरदायित्व : संविधान के उपबन्धों के अधीन रहते हुए राज्य का विधान मण्डल विधि द्वारा पंचायतों को ऐसी शक्तिया और प्राधिकार प्रदान कर सकेगा जो वह उन्हें स्वायत्त शासन की संस्थाओं के रुप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए भावश्यक समझें। ग्यारहवीं अनुसूची ऐसी विषयों के सम्बन्ध में है जो राज्य सरकार आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए उन्हें सौंपना चाहें। ग्यारहवीं गनुसूची में पंचायतों के लिए निर्धारित कार्य निम्नवत् है।

ग्यारहवीं अनुसूची (अनुच्छेद 243 छ)

(1) कृषि, जिसके अन्तर्गत कृषि विस्तार भी है, (2) भूमि विकास, भूमि सुधार का कार्यान्वयन, चकबन्दी और भूमि संरक्षण, (3) लद्यु सिंचाई, जल प्रबन्ध और जल आच्छादन विकास, (4) पशुपालन, दुग्ध उद्योग और कुक्कुट पालन, (5) मात्स्यिकी, (6) सामाजिक वनोद्योग और फार्म वनो[7] द्योग, लद्यु का उत्पादन (8) लद्यु उद्योग जिसके अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भी है, (9) खादी ग्राम और कुटीर उद्योग (10) ग्रामीण आवासन (11) पेयजल (12) ईधन और चारा (13) सड़क, पुलियाँ, पुल, फेरी, जलमार्ग तथा संचार के अन्य साधन, (14) ग्रामीण विद्युतीकरण, जिसके अन्तर्गत विद्युत का वितरण भी है, (15) गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत, (16) गरीबी उपशमन कार्य{म (17) शिक्षा जिसके अन्तर्गत प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय भी है, (18) तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावसायिक शिक्षा (19) प्रौढ़ और अनीपचारिक शिक्षा, (20) पुस्तकालय, (21) सांस्कृतिक क्रियाकलाप, (22) बाजार और मेंले (23) स्वास्थ्य और स्वच्छता जिसके अन्तर्गत अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और औषधालय भी है, (24) परिवार कल्याण, (25) स्त्री और बाल विकास, (26) समाज कल्याण जिसके अन्तर्गत विकलांगों और मानसिक रुप से मंद व्यक्तियों का कल्याण, भी है, (27) दुर्बल वर्गो का और विशिष्टतया अनुसूचित जातियाँ और अनुसूचित जनजातियों का कल्याण, (28) सार्वजनिक वितरण प्रणाली, (29) सामुदायिक अस्तियों का अनुरक्षण।

इस प्रकार इस संविधान के तिहत्तरवें संशोधन अधिनियम के लागू होने से भारत में सत्ता के विकेन्द्रीकरण की दिशा में एक नई शुरुआत हुई।

पंचायती राज की वर्तमान स्थिति

सच्ची आजादी, लोकतन्त्र में जनता की प्रत्यक्ष भागीदारी तथा सत्ता का सही अर्थो में विकेन्द्रीकरण जैसी घोषणाओं के साथ आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व देश में नए पंचायती राज को लागू किया गया था। तब से लेकर अब तक विभिन्न राज्यों में इस घोषणा को व्यवहार में उतारने की कोशिश अपने–अपने तरीके से की जाती रही है। वह कोशिश कितनी ईमानदारी के साथ की जाती रही अथवा वह कितनी सफल रही या असफल रही इस पर कई तरह के मतभेद हैं। कुल मिलाकर सच्चाई यही है कि जिस सोच और सपने के साथ नया पंचायती राज था गया है उनसे अभी वह कोसों दूर है। इसके कारण भी कई हैं। लेकिन इसमें जो सबसे बड़ा कारण है उसमें जहां एक ओर अभी तक पंचायतों को संविधान के अनुसार सुचित अधिकार और दायित्व का न प्राप्त होना है वहीं दूसरी ओर पंचायतों के प्रति लोगों की उदासीनता प्रमुख है, जो सर्वाधिक चिंता का विषय है।

यह उदासीनता इस अर्थ में नहीं कि पंचायत के चुनाव में लोगों की भागीदारी कम है बल्कि इस अर्थ में कि पंचायतों के कामकाज में लोगों की कोई खास रूचि नहीं है। यह अरूचि जहां एक ओर पंचायतों में व्याप्त अनियमितताओं के कारण है वहीं दूसरी ओर पंचायत के प्रति लोगों में स्वामित्व और अपनत्व का जो भाव आना चाहिए और अभी तक नहीं आ पाया है।

इसके चलते अधिकांश राज्यों में पंचायत का संस्थागत स्वरूप विकसित ही नहीं हो पा रहा है। जिसके परिणामस्वरुप पंचायत चुनाव में उसके अध्यक्ष का पद ही एकमात्र महत्वपूर्ण पद हो गया है। जिसके लिए छल, बल और धन का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है। सामान्यतया पंचायत का मतलब सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की एजेंसी तक सीमित होकर हर जाने से यह पद सर्वाधिक विवादित और संघर्षपूर्ण हो गया है और यही शक्ति प्रदर्शन का केन्द्र–बिन्दु बन गया है।

पचांयतो को **'सरकार'** के रूप इसके लिए प्रतिष्ठित किया गया था कि जमीनी आवश्यकता और परिस्थिति के अनुसार जनभागीदारी के साथ स्थानीय स्तर पर योजना बनाई जा सके और उसे उसी स्तर पर क्रियान्वित किया जा सके। समावेशी और टिकाऊ विकास की यही पहली शर्त भी है। लेकिन विगत 25 वर्षो की इस यात्रा में यदि कुछ राज्यों को छोड़ दे तों अधिकांश राज्यों में पंचायते अपने इस दायित्व के निर्वहन से कोसों दूर खड़ी है। उन्हें न तो इसके लायक बनया गया और न तो सही अवसर और पर्याप्त साधन मुहैया कराए गए।

भारत सरकार की चिंता और उसके प्रयास भारत सरकार के स्तर से पंचायतीराज व्यवस्था को सविंधान की भाषा के अनुरुप तीसरे स्तर की सरकार के रुप में प्रतिष्ठित करने के लिए समय–समय पर आयोंग एवं समूहों का गठन किया जाता रहा है। इसमें द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग तथा इसी सम्बन्ध में वी रामचंद्रन की अध्यक्षता में बने कार्य समूह (वर्ष 2011) की संस्तुति एवं सुझाव बहुत महत्वपूर्ण है।

द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रुप से संविधान के अनुच्छेद 243 (छ) जो पंचायतों के प्राधिकार और दायित्व से सम्बन्धित है, को पुनः संशोधित करने का सुझाव दिया है। उसने अपने स्तर से इस अनुच्छेद में 11वीं अनुसूची के सभी विषयों से संबंधित अधिकार सौंपने के स्पष्ट प्रावधान की बात की है। इतना ही नहीं उसने संघ एवं राज्य की सभी संगत कानूनों की तत्काल समीक्षा करने तथा उनकी तदनुसार संशोधित करने का भी सुझाव दिया है। उसने सविधान के अनुच्छेद 252 जिसमें दो या अधिक राज्यों के लिए संसद को विधि बनाने की शक्ति दी गई है, का हवाला देते हुए कहा है कि ''स्थानीय शासनों और समुदायों को अधिकारों, जिम्मेदारियों और कार्यो को हस्तातंरण का विस्तृत सिद्धांत विहित किया जाना चाहिए जिसमें पूरकता का सिद्धांत, लोकतात्रिंक विकेन्द्रीकरण, सही मायने में सत्ता का हस्तांतरण तथा नागरिक केन्द्रित व्यवस्था को विशेष रुप से शामिल किया गया है।

लगभग इसी प्रकार **वी0 रामचंद्रन** की अध्यक्षता वाले कार्य समूह ने स्थानीय सरकार के एक मजबूत तंत्र के विकास को केन्द्र में रख कर अपनी संस्तुतियां दी है। **रिपार्ट के दूसरे चैप्टर** में कार्य समूह की यह चिंता कि, ''पंचायत स्थानीय सरकार के रुप में दिखाई नहीं पड़ रही है, उसके कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया है जिसमें अधिकारों के हस्तांतरण का न होना, केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से पंचायत के द्वारा समानांतर अन्य संस्थाओं को खड़ा करना, नौकरशाही का नियंत्रण, सिंर्फ केंन्द्र व राज्य की स्कीमों के लिए धन देना तथा राज्य के अधिनियम में ग्राम सभा को पर्याप्त अधिकार न देना जैसे कारणों को चिह्ति किया है,,। इन कारणों से मुक्ति का रास्ता भी उसमें सुझाया है। इसके लिए उसमें अगले 6 वर्षो (2011 से 2017 तक) के लिए एक रोड मैप भी तैयार किया था। इसी के साथ पंचायत के लिए कर्मचारियों का अलग से कैडर बनाने सामान्तर संस्थाओं को पंचायती व्यवस्था में विलय करने, 29 विषयों के समस्त कार्य, कर्मी कोष पंचायतों को सौपने तथा स्थानीय नियोजन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही चुने हुए प्रतिनिधियों की क्षमता और कुशलता के विकास के तथा मतदाताओं की जागरुकता पर भी बल दिया है।

भारत सरकार की तो शुरुआती दौर से ही यह मंशा रही है कि नयी पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम सभाओं को वही स्थान व अधिकार प्राप्त हो जो देश की राज्य व्यवस्था में विधायिका को प्राप्त है। इस संदर्भ में 17 मार्च 1999 को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री की और से देश के सभी मुख्यमंत्रीयों को भेजा गया वह पत्र उल्लेखनीय हैं। जिसमें ग्रामसभा को विधायिका का दर्जा दिए जाने का सुझाव है। उसमें स्पष्ट रुप से उल्लेख किया गया है कि जब तक भूमि और संसाधनों के प्रबंधन और झगड़ों को निपटाने के अधिकार ग्राम सभाओ को नही सौंपे जाते, तब तक वास्तविक स्वाशासन नही हो सकता हैं

ग्राम पंचायत विकास योंजनाः अपनी सरकार की अपनी योजनाः

भारत के संविधान द्वारा पंचायत को सेल्फ गवर्नमेंट के रुप में प्रतिष्ठित किये जाने का परिणाम यह हुआ है कि राष्ट्रीय स्तर पर जो राजस्व (रेवन्यू) इकट्ठा होता है उसका एक हिस्सा इस सरकार को भी अब मिलने लगा है। भारत के 14 वे वित्त आयोग ने ग्राम पंचायतों को पांच वर्ष (2015 से 2020 तक) के लिए लगभग दो लाख करोड़ रूपये का हिस्सातय किया था। जौ औसतन प्रति ग्राम पंचायत 80 लाख रुपया होता है। यह धनराशि भारत सरकार या राज्य सरकार किसी स्कीम का पैसा नही है, यह वित्त अयोग द्वारा तय की गई वह धराशि है जिसके आधार पर **'अपनी गांव सरकार'** को स्वयं अपने गांव के विकास के लिए योजना बनानी है। किस विषय पर योजना बनेगी और कैसे बनेगी, यह सब गांव के नागरिकों को स्वयं तय करना है। तथा अपनी ग्राम सभा के माध्यम से स्वयं उसे स्वीकृत भी करना है। अर्थात उसे अपने गांव के वकास के बारे में विचार करने का, निर्णय लेने का तथा स्वंय करने का पूरा अधिकार इस बजट के माध्यम से उसी तरह से दिया गया, जिस तरह भारत सरकार को भारत के बारे में तथा राज्य सरकार को राज्य के बारे में दिया गया है। इस पंचवर्षीय योजना को **'ग्राम पंचायत विकास योजना'** (जी0पी0डी0पी0) के नाम से संबोधित किया जा रहा है।

15 वें वित्त आयोंग को भी अंतरिम रिपोर्ट आ गई है जिसमें वर्ष 2020–21 के लिए 60,750 करोड़ रूपये का आवंटन पंचायत सरकार के लिए किया गया है। वास्तव में यह योजना सही अर्थो में पंचायत को सरकार के रुप में प्रतिष्ठित करने का अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

ई– पंचायत की एक सार्थक पहल–

भारत भाषा, समाज एवं संस्कृति के परिप्रेक्ष्य मे विविधता का देश है। यही सांस्कृतिक विविधता भारतीय जीवन दर्शन का महत्त्वपूर्ण बिन्दु भी है और राष्ट्रीय एकता का परिचायक भी। भारत सांस्कृतिक विविधता का देश हैं। यही सांस्कृतिक विविधता भारत की ''अनेकता में एकता'' बंधुत्व सूत्र के राष्ट्रीय हित के उद्देश्य की पूर्ति करता है। भारत के दक्षिण में द्रविड़ संस्कृति तथा पूर्वोत्तर भारत में आदिम संस्कृतियां विद्यमान हैं जो एक दूसरे से सामाजिक व भाषाई स्तर पर पूर्ण रूपेण भिन्न हैं परन्तु इसके उपरान्त भी ये भारतीय जनसंघ के अन्तर्गत देश के विकास में सहयोगी बने हुए हैं। भाषा, धर्म, सम्प्रदाय,संस्कृति आदि के भेद द्वारा वैमनस्य की संकीर्ण भावना को विदेशी आक्रांताओं एवं असामाजिक तत्वों ने प्रोत्साहन दिया। अतः इस प्रकार भारत राष्ट्रीय स्तर पर अपने लोकतान्त्रिक व्यवस्था के कारण जनता की सांस्कृतिक विविधता के पश्चात भी एकता के सूत्र में बंधा है। शांति, मैत्री और बंधुत्व के संदेश के साथ संपूर्ण विश्व में भारत ने प्रसिद्धि प्राप्त की हैं और हिन्दी ने इस दिशा में मुख्य भूमिका निभाई है।

अहिन्दी भाषी क्षेत्र में अनेक सन्त कवियों ने हिन्दी में रचनायें प्रस्तुत की हैं। महाराष्ट्र के तुकाराम, नामदेव, रामदास, एकनाथ आदि सन्तों एव कवियों ने हिन्दी में रचनायें प्रस्तुत की हैं। गुजरात के मालणदयाराम, बंगाल के शासक शाह हुसैन के आश्रित कुतुबन, असम के शंकर देव, नारायण देव, पंजाब के गुरूनानक, गुरू तेग बहादुर, गुरू गोविन्द सिंह आदि ने हिन्दी में रचनायें प्रस्तुत की। ब्रह्म समाज के नेता केशव चन्द, गुजराती भाषी स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गाँधी, मराठी भाषी काका कालेलकर, आदि हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार में सक्रिय हो उठे थे। इन कवियों और नेताओं ने हिन्दी के माध्यम से देश की एकता एवं अखंडता को बनाये रखने के लिये आजीवन कार्य किया।

राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी की मान्यता अचानक ही नही हुई। इसके पीछे एक लम्बी साधना और प्रयास है। जिस रूप में हिन्दी आज है, वह निरंतर विकास की कहानी है। वह अपनी परिधि में ब्रज, अवधी, भोजपुरी, पंजाबी, पिंगल, मालवी , बुन्देली , मैथिली आदि अनेक भाषाओं और बोलियों को समाहित करते हुए विकसित हुई है। हिन्दी ने अपनी विकास यात्रा में अनेक पड़ाव पार किये हैं। अनेक प्रदेशों में वह विभिन्न रूपों में प्रवाहित हुई, अनेक लोक भाषाओ से अभिव्यक्ति क्षमता को समृद्ध करने का श्रेय हिन्दी को है जिसने एकात्मता स्थापित करने की अपनी क्षमता को सिद्ध किया है।

भारत का वैशिष्ट्य उसके आध्यात्मिक ज्ञान और दार्शनिक तत्त्व चिंतन में निहित है। ज्ञान का यह समस्त भंडार संस्कृत में ही उपलब्ध था जनभाषा में उस सारे तत्त्व चिंतन को सामान्य जन तक पहुँचाने में भक्तिकाल के कवियों ने अद्‌भुत सफलता प्राप्त की । सन्त कवियों में कबीर, नानक, दादू, रैदास और भक्त कवियों में तुलसी, सूर के साथ रहीम और रसखान का होना उस सामाजिक समन्वय के यथार्थ को उद्‌घाटित करता है। जो भारत के सांस्कृतिक वैभव का आधार रहा है। एक भाषा किस तरह जातीय समृति को संजोती है और समाजिक संरचना को प्रभावित करती है, इसका श्रेष्ठ उदाहरण हिन्दी का भक्तिकाव्य है। हम उस युग के काव्य के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों को खोज पाते है। इन्ही मूल्यों का आधुनिक, संदर्भ में भारतेंदु हरिशचंन्द्र, बालकृष्ण भट्‌ट, प्रतापनारायण मिश्र, महावीरप्रसाद द्विवेदी नया आकार देते हैं। मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय भावना के कवि थे । वह समन्वय की धारा को आगे बढ़ाते है। तुलसीदास ने मध्ययुग में राम के जिस उदात्त को समाज के समक्ष उपस्थित किया था, वह भारतीय संस्कृति के समस्त तत्त्वों को समाहित किए है। वह राम शीलवान थे, गरीबों, असहायों के रक्षक थे। केवट से स्नेह करते हैं, निषाद से गले मिलते हैं, शबरी को पूरा सम्मान देते हैं। अत्याचारियों से संघर्ष के लिए तत्पर रहते हैं युद्‌ध में विजय के लिए साधन संपन्नता को महत्त्वपूर्ण नहीं मानते उस मनोबल को मानते हैं, जो नैतिकता की आधारभूमि पर खड़ा रहता है। यह अकारण नहीं है। कि हमारे युग के सर्वाधिक वंदनीय महात्मा गाधी को 'गीता' और रामचरितमानस से प्रेरणा मिली। गांधी जी ने राम के आदर्श को अपनी राजनीति के केंद्र में रखा। राष्ट्रीय धारा के कवि हों या छायावादी धारा के, सभी गांधी जी से प्रभावित रहे।

हिन्दी–मुस्लिम एकता के संदर्भ में भक्ति आंदोलन के संतो का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। हिन्दू–मुस्लिम सद्‌भावना को बनाए रखने में रामानंद के शिष्य कबीर का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। कबीर का मानना था कि परमतत्व मनुष्य के भीतर होता है, बाहर नहीं। महाकवि इकबाल ने 'तराना–ए–हिन्दी में कहा है–

''सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ता हमारा।
हम बुलबुले हैं इसकी ये गुलिस्तां हमारा
मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना
हिन्दी है हम, हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा''

हिन्दी को राजभाषा का दर्जा देने के पीछे यही मूलः उद्देश्य, विशेषतः राष्ट्रीय एकता ही रहा है। इससे जुड़ी धारा 351 के अंतर्भाव स्पष्ट झलकते हैं कि इस देश की आस्मिता को भाषिक पहचान मिले, ऐसी पहचान जो उसकी अपनी हो, राष्ट्रीय हो। बहुभाषी देश की जनता के बीच सार्थक संवाद की भाषा के रूप में हिन्दी भाषा की भूमिका निर्वाह करना और शासकीय प्रयोजनों और कार्य–व्यवहारों का माध्यम बनकर राजभाषा की आवश्यकता पूरी हो,ख ताकि सांस्कृतिक खाई भरी जा सकें। विभिन्न कार्य क्षेत्रों में सरकार एवं शासक की कल्यणकारी योजनाए, कानून और व्यवस्था के प्रावधानों , विकास की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के लिए जन सामान्य की भाषा की आवश्यकता स्वतंत्रता–प्राप्ति के साथ महसूस की गई थी। शुरू में राजभाषा को तेजी से लागू करने में कठिनाईयाँ आई थी, वर्तमान में पर्याप्त प्रयास के बावजूद भी हिन्दी उस गति से यथार्थ रूप में कामकाज की भाषा नही बन सकी जिसकी परिकल्पना की गई थी। राजभाषा हिन्दी राष्ट्रीय एकता का सेतु तभी बन सकती है जब कि राजकाज में राजभाषा हिन्दी का वास्तविक रूप में प्रयोग हो। राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी ही सर्वाधिक समुचित भाषा है लेकिन राजभाषा के रूप में अभी भी जितनी वृद्धि होनी चाहिए उतनी नहीं हुई है।

राजभाषा के रूप में हिन्दी का दिन–प्रतिदिन अधिक प्रयोग हो प्रांतीय कार्यालयों में भी हिन्दी में ही पत्र–व्यवहार, वार्तालाप संपर्क आदि हो इस पर अधिक ध्यान केंद्रित करना पड़ेगा। रवीन्द्रनाथ टैगोर, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, महात्मा गांधीजी, पुरूषोत्तमदास टंडन, मदनमोहन मालवीय आचार्य विनोबा भावे, डॉ0 भीमराव आंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू,मौलाना आज़ाद एन0 गोपाला स्वामी आयंगर जैसे अनेक नेताओं ने राजभाषा, राष्ट्रभाषा हिन्दी को राष्ट्रीय एकता के सेतु के रूप में स्वीकार करते हुए महत्त्व भी बताया है। इन सबने अँग्रेजी भाषा का विरोध नहीं किया। हिन्दी का क्षेत्र विस्तृत होता जा रहा है। उसकी परिधि बढ़ रही है। यह राष्ट्रीय स्तर से बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्राप्त कर रही है। ''जब हमारे देश की अपनी भाषा राजभाषा का महत्त्वपूर्ण स्थान वहन करने में सक्षम है तो अंग्रेजी यहाँ पर खिडकी के रूप में रह सकती है, द्वार का स्थान कदापि ग्रहण नही कर सकती । जिनकी मातृभाषा हिंदी है, उनके अतिरिक्त भारत में अन्य भाषा भाषी भी हिन्दी बोल तथा समझ सकते है। बहुभाषी देश की जनता के बीच सार्थक संवाद के रूप में हिन्दी संपर्क भाषा की भूमिका का निर्वाह करें और शासकीय प्रयोजनों एवं कार्य–व्यवहारों का माध्यम बनकर राजभाषा की आवश्यकता पूरी हो ताकि सांस्कृतिक एकता एवं राष्ट्रीय एकता की सेतु बन सकें।

निष्कर्ष:–हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को प्राण वायु देने वाली भाषा है। हिन्दी भाषा ने भारतीय भाषाओं से कुछ न कुछ ग्रहण कर उसके साहित्य को स्वीकार किया। फलतः हिन्दी भाषा स्वतः ही राष्ट्र की संपर्क भाषा एवं अभिव्यक्ति की भाषा बनी।

दक्षिण से सुदूर पूर्वोत्तर भारत तक हिन्दी समझने और बोलने वाले मिल जाते हैं। यही भारतीय संस्कृति की राष्ट्रीय एकता का प्रमाण है कि जहां लम्बे संघर्षो एवं चुनौतियों के पश्चात भी हिन्दी ही राष्ट्रभाषा के रूप में द्रष्टव्य है। परंतु आज भी कुछ चुनौतियां है जिन्हें पूरा करने के लिये घर में परिवार में समाज में, कार्यालय आदि में जहाँ भी हो वहाँ हिन्दी को ही अभिव्यक्ति का मुख्य माध्यम बनाना चाहिए। राजभाषा हिन्दी के प्रति आत्म–विश्वास जागृत करें, उसकी शक्ति को पहचाने, स्नेह और सौहार्द की वाणी के रूप में उसका प्रचार–प्रसार करें। हिन्दी की राजभाषा के रूप में समुचित प्रतिष्ठा में ही भारत के लोकतंत्र की प्रतिष्ठा है। भारतीय राष्ट्रीय अस्मिता की प्रतिष्ठा है। हिन्दी के गौरव में ही भारत के स्वराज्य की सफलता और सार्थकता हैं राजभाषा के रूप में हिन्दी का सर्वत्र स्नेहभाव से प्रयोग होगा। तब वास्तव में भारतीय अस्मिता का सच्चा प्रतीक बन जाएगी। राजभाषा हिन्दी राष्ट्रीय एकता के सेतु के रूप में व्यवहृत होकर गौरव प्राप्त करेंगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ–

हिन्दी का विश्वसन्दर्भ–डा0 करूणाशंकर उपाध्याय, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली।
हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य–डा0 पंडित बन्ने–अमन प्रकाशन कानपुर।
भाषा विज्ञान–भोलानाथ तिवारी–किताबमहल, दिल्ली।
साहित्यिक निबन्ध–गणपति चन्द्रगुपत–लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद।
हिन्दी भाषा विज्ञान परिचय– डा0 गायकवाड़, ज्ञानराज, विनोद पुस्तक भण्डार, आगरा।
भाषा और भाषा विज्ञान–गरिमा श्रीवास्तव– संजय प्रकाशन, नई दिल्ली।
हिन्दी साहित्य का इतिहास–रामचन्द्र शुक्ल– कमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
संस्कृति के चार अध्याय–रामधारी सिंह दिनकर–जनवाणी प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स कलकत्ता।
भारतीय समाज–श्यामाचरण दुबे–राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली।
भारतीय आज़ादी और संस्कृति–डा0 लक्ष्मीमल्ल सिघंवी–साहित्य मण्डल प्रकाशन, नई दिल्ली।
निबन्ध संचयन–संपा.–डा0 मुकुन्द द्विवेदी, डा0 लाल सिंह चौधरी– के0एल0 पचौरी प्रकाशन ग़ाज़ियाबाद।
हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास–डा0 बच्चन सिंह–राधा कृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की वृत्तिक प्रतिबद्धता का अध्ययन

डॉ0 अनुराधा त्यागी
सहायक अध्यापक
शान्ता स्मारक कन्या इण्टर कालेज, मेरठ
डॉ0 नीलम त्यागी
एसोसिएट प्रोफेसर, बी0 एड0 विभाग
सी0 एस0एस0एस0 पी0जी0 कालेज माछरा, मेरठ

सार

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत एक भी अध्यापक छात्रों के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाला नहीं है।प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 11.25 प्रतिशत अध्यापक समाज के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाले है।प्राथमिके विद्यलयों में कार्यरत 14.75 प्रतिशत अध्यापक संस्था के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता रखने वाले है।प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 18 प्रतिशत अध्यापक व्यवसाय के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाले हैं।

कुँजी : वृत्तिक प्रतिबद्धता, शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय

प्रस्तावना

वृत्तिक प्रतिबद्धता

शिक्षक की अपने व्यवसाय के प्रति निष्ठा व लगन को वृत्तिक प्रतिबद्धता करते है। कैम्ब्रिज इन्टरनेशनल डिक्शनरी के प्रतिबद्धता का अर्थ है वायदा करना। किसी सिद्धान्त, व्यक्ति या कार्य योजना विशेष को अपनी पूर्ण निष्ठा प्रदान करना। यदि आप अभिनेता बनाना चाहते है तो आपको इसके लिये पूर्ण समर्पित होना होगा अर्थात् इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना पूरा समय–प्रदान करना। इस प्रकार प्रतिबद्धता का तात्पर्य है कि अपने सिद्धान्त के प्रति पूर्ण दृढ़ता एवं अपरिवर्तित निष्ठा के साथ विश्वास। रिसर्च ने प्रतिबद्धता को एक प्रक्रिया बताते हुये कहा है कि किसी संगठन के बहुक्षेत्रीय उद्देश्यों को लेकर पहचान की प्रक्रिया प्रतिबद्धता है। इस प्रकार बहुप्रतिबद्धता के उद्देश्यों एवं मूल्यों को केन्द्र मानकर उन्होंने विशिष्ट प्रतिबद्धता को स्थापित किया। डेविस ग्रास के अनुसार प्रतिबद्धता एक जटिल प्रक्रिया है जो विभिन्न दिशाओं और विभिन्न स्तरों पर सम्पन्न होती है तथा इसको आसानी से प्राप्त नही किया जा सकता। मीराडाडोस ने कहा है कि प्रतिबद्धता एक गहन एवं अत्यधिक महत्वपूर्ण भावनात्मक प्रखरता है। इसका तात्पर्य है कि समूह या संगठन के उद्देश्यों से जुड़ाव तथा अपने को पूरी तरह से किसी कल्याणकारी कार्य के समर्पित करना।

प्रतिबद्धता के निम्न पाँच बातों से उद्धत किया जा सकता हैः–


1. एक वृत्तिवान के रूप में एक शिक्षक अपने वृत्तिक विकास को सर्वोच्च वरीयता देता है।
2. वह शिक्षण व अधिगम के प्रति उत्साही एवं उत्प्रेरित रहता है।
3. वह अपने विद्यार्थियों को भावपूर्ण ढंग से जोड़ लेता है, जिससे कि विद्यार्थी उसे अपने शुभचिन्तक, मित्र और मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार करते है।
4. वह अपने विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक मनोवृत्ति एवं दृष्टिकोण रखता है।

5. वह अपने विद्यार्थियों की आवश्यकताओं, महत्वकांक्षाओं, लक्ष्यों, कमजोरियों अन्तर्निहित क्षमताओं और परिस्थितियों को समझता है, तदानुसार उनको स्वविकास के लिये मार्गदर्शन देता है।

सर्वेक्षण अनुसंधान के उद्देश्य

करलिंगर के अनुसार सर्वेक्षण अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य होते है–

1. किसी घटना की व्यापकता, गम्भीरता, घटना घटने की संभावना, उसका वितरण आदि का पता लगाना।
2. समाजशास्त्रीय एवं मनोवैज्ञानिक चरों के पारस्परिक सम्बन्धों का वर्णन करना।



''प्राथमिक अध्यापक व्यावसायिक प्रतिबद्धता मापनी'' का वर्णन

व्यावसायिक प्रतिबद्धता मापनी में कुल 30 प्रश्न बनाये गये है एवं उन्हें 6 आयामों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक आयाम से सम्बन्धित 5 प्रश्न निर्धारित किये गये है। निर्माणित प्रतिबद्धता मापनी में केवल 2 प्रश्न नकारात्मक एवं बाकी सभी प्रश्न धनात्मक प्रकृति के है। आयामों के नाम एवं प्रत्येक की प्रश्न संख्या निम्न है–

क्रम संख्या	आयाम	प्रश्न संख्या
1.	शिक्षार्थी के प्रति प्रतिबद्धता	1,2,3,4,5
2.	समाज के प्रति प्रतिबद्धता	1,2,3,4,5
3.	संस्था के प्रति प्रतिबद्धता	1,2,3,4,5
4.	व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता	1,2,3,4,5
5.	उत्कृष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता	1,2,3,4,5
6.	मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता	1,2,3,4,5

वृत्तिक प्रतिबद्धता मापनी की रचना

परीक्षण के योजना

वृत्तिक प्रतिबद्धता प्रस्तुत शोध अध्ययन का एक प्रमुख चर है। भारत में अध्यापक प्रतिबद्धता पर कुछ ही मापनी उपलब्ध हैं, परन्तु उनका प्रयोग शोधकत्री ने नहीं किया। उसके स्वयं निर्माणित प्रतिबद्धता मापनी का प्रयोग प्रस्तुत शोध में किया है। परीक्षण की योजना बनाने से पूर्व परीक्षण निर्माण प्रक्रिया के लिये सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन किया गया। तत्पश्चात् मापनी के लिये शिक्षण प्रतिबद्धता सम्बन्धी छः पक्षों को सम्मिलित किया गया–

1.शिक्षार्थी के प्रति प्रतिबद्धता, 2. समाज के प्रति प्रतिबद्धता 3. संस्था के प्रति प्रतिबद्धता 4. व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता 5. उत्कृष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता 6. मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता

आंकडो का विश्लेषण एवं अर्थापन

पूर्व के अध्यायों में प्रस्तावना, प्रयुक्त चरों का प्रत्यात्मक बोध, उद्देश्य, सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन तथा अध्ययन के प्रारूप और आंकड़े एकत्र करने की विधियों का वर्णन किया गया है। प्रस्तुत अध्याय में आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण एवं अर्थापन प्रस्तुत किया गया है। अर्थापन और विश्लेषण की प्रक्रिया में प्राप्त आंकड़ों को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है, जिससे समस्या के सन्दर्भ में वांछित परिणाम प्राप्त किये जा सकें। यंग (1960) ने लिखा है ''यदि सुव्यवस्थित तथ्यों को सम्पूर्ण अध्ययन से सम्बन्धित किया जाये तो उनका महत्वपूर्ण सामान्य अर्थ प्रकट हो जाता है जिसके आधार पर घटना की प्रमाणित व्याख्यायें प्रस्तुत की जा सकती है'' इस कथन का तात्पर्य यह है कि अनुसन्धान या शोध कार्य में केवल तथ्यों का संकलन कर लेने से अध्ययन के विषय का वास्तविक अर्थ, कारण परिणाम स्पष्ट नहीं हो सकता। अतः एकत्रित तथ्यों को उद्देश्यों के अनुसार सुव्यवस्थित करके उनका विश्लेषण एवं अर्थापन करना आवश्यक है। अतः प्रस्तुत अध्याय में उद्देश्यों के क्रम में प्रदत्तों का विश्लेषण एवं अर्थापन किया गया है–

सारिणी–1.1

''प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की वृत्तिक प्रतिबद्धता''

क्र0 सं0	वृत्तिक प्रतिबद्धता के आयाम	वृत्तिक प्रतिबद्धता का माध्यम	वृत्तिक प्रतिबद्धता का मानक विचलन	से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की		से नीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की		के मध्य प्राप्तांक वाले अध्यापकों की	
				सं0	%	सं0	%	सं	%
1	शिक्षार्थी के प्रति प्रतिबद्धता	17525	2.550	0	0	40	10.00	360	90.00
2	समाज के प्रति प्रतिबद्धता	14.3298	2.943	45	11.25	57	14.25	298	74.50
3	संस्था के प्रति प्रतिबद्धता	14.065	2.789	59	14.75	53	12.25	288	72.00
4	व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता	14.758	3.031	72	18.00	50	12.50	278	69.00
5	उत्कृष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता	16.918	2.905	72	18.00	60	15.00	268	67.00
6	मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता	17.075	2.672	85	21.25	59	14.75	256	64.00

सारिणी संख्या 1.1में प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता से सम्बन्धित छः के मध्य प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या को प्रदर्शित किया गया है।

सारिणी संख्या 1.1की क्रमसंख्या (1) में शिक्षार्थी के प्रति प्रतिबद्धता से सम्बन्धित आकड़ों को प्रदर्शित किया गया है। छात्रों के प्रति अध्यापकों की प्रतिबद्धता का मध्यमान 17.525 तथा मानक विचलन 2. से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या शून्य है, इसका तात्पर्य हुआ है कि सम्पूर्ण प्रतिदर्श में एक भी अध्यापक ऐसा नहीं है जो छात्रों के प्रति उच्च कोटि की प्रतिबद्धता रखता हो, यह शिक्षा जगत के लिए सेनीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 40 है, जो कि सम्पूर्ण प्रतिदर्श का 10 प्रतिशत अर्थात् 10 प्रतिशत

अध्यापक छात्रों के प्रति बिल्कुल भी प्रतिबद्ध नही हैं। यह आंकड़ा भी अध्यापक और शिक्षा जगत की खस्ताहाल की ओर संकेत करता है। 360 अध्यापक छात्रों के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते है।

सारिणी संख्या 1.1की क्रमसंख्या (2) में अध्यापकों कीसमाज के प्रति प्रतिबद्धता से सम्बन्धित आकड़ों को प्रदर्शित किया गया है। समाज के प्रति अध्यापकों की प्रतिबद्धता का मध्यमान 16.298 तथा मानक से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की सख्या 45 है, जो सम्पूर्ण प्रतिदर्श का 11.25 प्रतिशत है अर्थात् 11.25 से नीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की सख्या 57 है, जो कि सम्पूर्ण प्रतिदर्श का 14.25 प्रतिशत है अर्थात् 14. 25 प्रतिशत अध्यापक समाज के प्रति बिल्कुल भी प्रतिबद्ध नहीं है। यह आंकड़ा भी अध्यापकों की समाज के प्रति उनकी उदासीनता को प्रदर्शित करता है। 298 अध्यापक छात्रों के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते है।

सारिणी संख्या 1.1की क्रमसंख्या (3) में मध्यापकों की संस्था के प्रति प्रतिबद्धता से सम्बन्धित आकड़ों को दिखाया गया है। संस्था के प्रति अध्यापकों की प्रतिबद्धता का मध्यमान 14.065 तथा मानक से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 59 है जो कि प्रतिदर्श का 14.75 प्रतिशत अर्थात लगभग 15 से नीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 53 है जोकि प्रतिदर्श का 13.25 प्रतिशत है अर्थात् 13.25 प्रतिशत अध्यापक संस्था के प्रति बिल्कुल भी प्रतिबद्धता नहीं रखते है। यह आंकड़ा भी अध्यापकों की सस्था के प्रति उनकी निष्ठाहीनता को प्रदर्शित करता है। 288 अध्यापक संस्था के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते है।

सारिणी संख्या 1.1की क्रमसंख्या (4) में व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता से सम्बन्धित आकडो को प्रदर्शित किया गया है। व्यवसाय के प्रति अध्यापकों की प्रतिबद्धता का मध्यमान 14.758 तथा मानक विचलन 3.031 है। + से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 72 है, जो प्रतिदर्श का 18 प्रतिशत है। इसका तात्पर्य यह है कि 18 प्रतिशत अध्यापक अपने व्यवसाय के प्रति उच्च कोटि की प्रतिबद्धता रखते है। यह आंकड़ा भी अध्यापको की अपने व्यवसाय से निष्ठा रखने के बजाय उनकी व्यवसाय के प्रति हीन भावना को प्रदर्शित से नीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 50 है जो कि सम्पूर्ण प्रतिदर्श का 12.5 प्रतिशत है अर्थात् 12.5 प्रतिशत अध्यापक व्यवसाय के प्रति बिल्कुल भी प्रतिबद्ध नहीं है। 278 अध्यापक व्यवसाय के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते है।

सारिणी संख्या 1.1की क्रमसंख्या (5) में उत्कृष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता से सम्बन्धित आंकड़ों को प्रदर्शित किया गया है। उत्कृष्ठा के प्रति अध्यापकों की प्रतिबद्धता का मध्यमान 16.918 तथ मानक विचलन से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 72 है अर्थात् सर्म्पूण प्रतिदर्श से 18 प्रतिशत अध्यापक उत्कृष्ठा से नीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 60 है, जो प्रतिदर्श का 15 प्रतिशत है अर्थात प्रतिदर्श में 15 प्रतिशत अध्यापक उत्कृष्ठा के प्रति बिल्कुल भी प्रतिबद्ध भी प्रतिबद्ध नहीं है। 268 अध्यापक उत्कृष्ठा के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते है।

सारिणी संख्या 1.1की क्रमसंख्या (6) में अध्यधपकों की मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से सम्बन्धित आंकाड़ों को प्रदर्शित किया गया है। मानवीय मूल्यों के प्रति अध्यापकों की प्रतिबद्धता का मध्यमान से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 85 है, जो प्रतिदर्श का 21.25 प्रतिशत है अर्थात् प्रतिदर्श में 21.25 प्रतिशत अध्यापक मानवीय मूल्यों के प्रति उच्च कोटि की प्रतिबद्धता रखते है। यह आंकड़ा कुछ हद से नीचे प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 59 है, जोकि सम्पूर्ण प्रतिदर्श का 14.75 प्रतिशत् है अर्थात् लगभग 15 प्रतिशत अध्यापक मानवीय मूल्यों के प्रति बिल्कुल भी प्रतिबद्ध नहीं है। यह आंकड़ा भी अध्यापकों में मूल्यों के प्रति उनके गिरते स्तर की ओर संकेत करता है। 256 अध्यापक मानवीय मूल्यों के प्रति सामान्य प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते है।

शोध निष्कर्ष

विश्लेषण एवं अर्थापन नामक पंचम् अध्याय में शोधार्थिनी ने शोध उपकरणों को प्राथमिक अध्यापकों पर प्रशासित करने के बाद प्राप्त आंकड़ों को सांख्यकीय प्रविधियों (**T-test**) द्वारा विश्लेषित करके उन्हें शोध उद्देश्यों के क्रम में तालिकाओं मे प्रस्तुत किया है। तद्उपरान्त प्राप्त सांख्यिकीय परिणाम का अर्थापन प्रस्तुत किया है। शोध निष्कर्ष नामक प्रस्तुत अध्याय में शोधार्थिनी ने सर्वप्रथम शोध परिकल्पनाओं की वैद्यता का परीक्षण किया है। उसके बाद शोध परिकल्पनाओं की वैद्यता के आधार पर शोध परिणामों का उल्लेख किया है तथा शोध परिणामों के आधार पर शोध व्यक्तियों एवं संस्थाओं के लिये उपयोगिता की चर्चा की गई है। अध्याय के अन्त में अग्रिम शोध अध्ययन हेतु शीषर्कों का उल्लेख किया गया है। अग्रिम पंक्तियों में शोध परिकल्पनाओं की वैधता का परीक्षण किया गया है।

शोध परिकल्पनाओं की वैधता का परीक्षण

शोध अध्ययन की प्रथम परिकल्पना इस प्रकार है–

''प्राथमिक विद्यालयों के अधिकांश अध्यापक उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाले होते हैं''

वृत्तिक प्रतिबद्धता मापनी के छः आयाम है अतः छः आयामों के आधार पर वृत्तिक प्रतिबद्धता का परीक्षण किया गया है।

से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 0 है, अतः शोध परिकल्पना संख्या (1) प्रथम आयाम पर अस्वीकृत हुई।

से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 45 है, जो प्रतिदर्श का 11.25 प्रतिशत है, अतः शोध परिकल्पना संख्या (1) द्वितीय आयाम पर अस्वीकृत हुई।

से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 59 है, जो प्रतिदर्श का 14.75 प्रतिशत है, अतः शोध परिकल्पना संख्या (1) तृतीय आयाम पर अस्वीकृत हुई।

से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 72 है, जो प्रतिदर्श का 18 प्रतिशत है, अतः शोध परिकल्पना संख्या (1) चतुर्थ आयाम पर अस्वीकृत हुई।

से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 72 है, जो प्रतिदर्श का 18 प्रतिशत है, अतः शोध परिकल्पना संख्या (1) पंचम् आयाम पर अस्वीकृत है।

से ऊपर प्राप्तांक वाले अध्यापकों की संख्या 85 है, जो प्रतिदर्श का 21.25 प्रतिशत है, अतः शोध परिकल्पना संख्या (1) षष्ठ आयाम पर अस्वीकृत हुई।

शोध परिणाम

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की वृत्तिक प्रतिबद्धता

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत एक भी अध्यापक छात्रों के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाला नहीं है।
2. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 11.25 प्रतिशत अध्यापक समाज के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाले है।
3. प्राथमिके विद्यलयों में कार्यरत 14.75 प्रतिशत अध्यापक संस्था के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता रखने वाले है।
4. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 18 प्रतिशत अध्यापक व्यवसाय के प्रति उच्च वृत्तिक प्रतिबद्धता वाले हैं।
5. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 18 प्रतिशत अध्यापक उत्कृष्ठा के प्रति उच्च प्रतिबद्धता रखते है।
6. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 21.25 प्रतिशत अध्यापक मानवीय मूल्यों के प्रति उच्च व्यावसायिक

प्रतिबद्धता वाले है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची–

1. रिचर्स, एच0ई0 (1985) ''ए रिव्यू एण्ड कन्सेप ऑफ ऑर्गेनाइजेशनल कमिटमेन्ट''ए ऐकेडमी ऑफ मेजरमेंट रिव्यू 10 (3) पी0 465–476
2. डेविस, ग्रास (1996) प्रिंसिपल्स ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट लन्दन : इण्टरनेशनल थॉमसन प्रेस।
3. मीराडाडोस, एस0जे0 (2000) ''इमोशनल इन्टैलीजेन्स इन ऑफ क्रेडीबिलिटी'' यूनिवर्सिटी न्यूज वॉल्यूम 38 (12) पी0–7–11।

A study of Religiosity and Anxiety among students

Dr. Shailendra Kumar Singh
Associate Professor
Dept. of Psychology
M. B.S. PG College, Gangapur Varanasi

Abstract

The main aim of the present study is to compare the level of anxiety between low and high religious oriented students. For this two hundred college students were taken as sample . For data collection socio demographic and personal data sheet, Religiosity scale developed by Bhushan and comprehensive anxiety scale develoed by Sinha and Sinha were used.Result shows that there is significant difference in the level of anxiety between low and high religious students. High religious groups had more anxiety than low groups.

Key words: Religious belief, Anxiety

Introduction:

Religion is a powerful institution and it influences the individual and society significantly. So, it has always provided an important focus for applied psychology. Religion and faith refer to a set of customs and beliefs manifested in a religious entity.While it can be conceptualized as a wide structure without financial goals. Coning et al. defined religion to facilitate movement toward God. Religion has a positive relationship with physical, mental, and physiological parameters Many psychologist tries to understand it and provide scientific explanation of religion. Faith in religion, ideas and rituals are basically psychological. These are feelings, impulses and ideas which prompt man to be religious. In other words, by being so some of his motives get satisfaction. In every form of religion man seeks to establish a helpful relationship between him self and the higher power. According to Freud (1919)' religion is a form of repression which controls civilized sexual morality and causes modern nervousness. Larawitz, 1980 holds that a man confesses his sin or bad deed before God, the heavy burden falls away from his heart and he becomes free. Thus religion has a psycho therapeutic value. Sloane, 1986 says that religion represents essence of the man's struggle between animal impulses and the restraining socializing forces of parental authority. Most of mental disorders that result from psychological distress and bitterness of life are observed among non-religious people. Religious beliefs lead to positive emotions and feelings among people who improve physical health by strengthening the immune system. Since students constitute sensitive and important members of society with young age, their lifestyle is very important because it improves their health level where religion, is an important factor that promotes physical and mental health of this group **(Forouhari etal, 2019**). Some studies have shown a negative association between religiosity and mental health, which includes religious strain- expressed mostly as feelings of guilt and alienation and associated with higher level of depression and suicide, irrespective of the reported comfort found in religion (

Sloan et al, 2000). Other authors have claimed that evidence relating religion to medicine is weak and unconvincing results and data lacking specificity

Thus we find that the religion and religious faiths have various effects and special significance in determination of human personality and social behaviour. So the purpose of the present study is to find out the relation between religiosity and personal factors (Exline etal, 2000)..

Methodology:

Venue of the study: It is a community based cross sectional study.

Sample: The study was conducted on 200 undergraduate college students, drawn from different college of Arrah district of Bihar. The age range of the sample ranged from 18 to 22 yrs with mean age is 19.67 yrs.

Tools used:

Following tools were used for the data collection

Socio- demographic data sheet especially designed for the study, which mentioned various information regarding socio- demographic and personal details.

Religiosity Scale (Bhushan, 1970): It was used to measure religiosity of both the groups. The 5 point Likert type religiosity scale consists of 36 items. The content, test-

retest reliability, predictive and concurrent validity coefficients reported by Bhushan were found to be satisfactorily high.

Comprehensive Anxiety Scale (Sinha and Sinha, 1971): It is a test available both in Hindi and as well as in English. It covers five levels of anxiety. The test contains 90 items of manifest anxiety. It is 15 to 20 minutes test, easily administrable and scorable.

Statistical Analysis: Raw data were analyzed with the help of mean, SD and t-ratio.

Result:

Most of the sample belongs to male sex, urban area of habitat, Hindu religion and nuclear family setup. Most of the sample educated in first year of graduation.

Table-1: Performance of the subjects on Religiosity Scale

Variable	High	Avg	Low
Religiosity scale	109(54.5%)	51	40(20%)

Above table shows that about 54.5% college students have high level of religiosity. They highly religious belief oriented.

Table-2: Performance of the subjects on comprehensive anxiety Scale

Variable	High	Avg	Low
Religiosity scale	107(53.5%)	63	30(15%)

Above table shows that about 53.5% college students have high level of anxiety.

Table-3: Comparison anxiety between high and low religious college students

Variable	Religiosity High M±SD	Religiosity Low M±SD	t

Anxiety scale	69.88±2.35	58.72±4.53	11.09**

****sig.on .01 level**

Above table shows that subjects belonging to high religious groups scored higher on anxiety scale than subjects belonging to low religious groups(t= 11.09).

Discussion:

In this study it was found that 54.5% subjects have high religious believes and 53.5% students felt high level of anxiety. This finding was supported by earlier studies also. 62% of students had moderate anxiety and 53% had a high religious attitude (Ashouri et al, 2016). Similarly, in the Ghane *et al*. study, 50% of medical students are moderately stressed and 88% have high religious beliefs. Result of this study also reflect that students of high religious group scored more on the anxiety scale than low religious groups.The results of a meta-analysis on religious studies and mental health showed that in 44% of studies, positive relationships are tangible and 23% showed negative relationships between religion and mental health and in 35% of studies, no significant relationship can be found. It is possible to find evidence that indicate the positive effect of religion on mental health which is consistent with the results of the present study, because the relationship between religious orientation and anxiety is stronger (Bussing etal, 2005).Religion can create meaning; therefore, it gives meaning to life and death, increases life expectancy, and promotes optimism and can compensate decreased self-control. It prescribes a type of healthier lifestyle that positively influences mental health and includes a set of positive social norms that lead to acceptance by others, a type of supernatural feeling that undoubtedly causes psychological effects (Rippentrop etal, 2005).

Conclusion: Students with high religiosity have comparatively more anxiety level.So, it is concluded that religiosity is highly influenced by anxiety and other persoanl variables.

References:

Ashouri F P, Rasekhi S.Correlation between religious beliefs with mental health and academic performance in medical students. Int Electron J Med 2016 ; 5:1- 6.

Büssing A, Ostermann T, Matthiessen PF. (2005).Role of religion and spirituality in medical patients:confirmatory results with the SpREUK questionnaire. Health Qual Life Outcomes, 3: 10.

ExlineJj,Yali A.M, Sanderson WC(2000). Guilt, discord and alienation: the role of religious strain in depression and suicidality.Journal of Clinical Psychology; 56(12):1481-96.

Forouhari S,Teshnizi S.H & Mahmood SSM et al,(2019).Relationship between Religious Orientation, Anxiety, and Depression among College Students: A Systematic Review and Meta-Analysis. *Iran Journal of Public Health*; 48(1):43-52.

Freud.S(1919). Totem and Taboo. New York: Norton.

Rippentrop AE, Altmaier EM, Chen JJ, et al. (2005). The relationship between religion/ spirituality and physical health, mental health, and pain in a chronic pain population. *Pain*, 116 (3): 311– 21.

Sloan RP, Bagiella E, VandeCreek etal,(2000). Should physian prescribe religious activities? New English Journal ofMedical Sciences: 342(25):1913-16

Sloane D.M, & Potril.R.(1986). Religion and Delinquiency: Cutting through the maze. Social Forces; 65(1):87-105.

भारतीय जाति व्यवस्था और जैव विविधता
(एक समाजशास्त्रीय अध्ययन)

डा0 प्रदीप कुमार
असिसटैंट प्रोफेसर समाज शास्त्र विभाग
आर0एम0पी0 (पी0जी0) कालेज,
नारसन, हरिद्वार

सारांश

जाति व्यवस्था को ऐतिहासिक पृष्ठभूमि प्राचीन है। हिन्दू धर्म जाति व्यवस्था के बगैर अपूर्ण है जिसका प्रमुख कारण धर्म से जुडे अनेक कर्मकाण्ड, अनुष्ठान जातीय आधार पर ही पूर्ण होते हैं। यदि सूक्ष्म अवलोकन किया जाए तो इस जातीय व्यवस्था ने भरत में कहीं न कहीं जैन विविधता के संरक्षण का भी पोषण किया है। दूसरे शब्दों में किसी न किसी जाति के साथ किसी विशिष्ट जाति का सह–सम्बन्ध रहा है। इस शोध पत्र में वर्णनात्मक शोध प्ररचना को सीमाओं में रहकर कार्य किया गया है।

मुख्य शब्दावली :– जैव विविधता, परम्पराओं का संरक्षण, अनुष्ठान जाति व्यवस्था, कृषि जाति।

प्रस्तावना

भारत में जाति व्यवस्था का इतिहास बहुत प्राचीन है। हिन्दु धर्म जाति व्यवस्था के बगैर अधूरा है। क्योंकि धर्म से जुड़े अनेक कर्मकाण्ड़, अनुष्ठान जातीय आधार पर ही पूरे होते हैं। इस जातीय व्यवस्था ने भारत में कहीं न कहीं जैव विविधता के संरक्षण का भी पोषण किया है। इस विषय में कई लोग यह कहेंगे कि जाति व्यवस्था तथा जैव विविधता में क्या सह सम्बन्ध हो सकता है। इस शोध पत्र में यही स्पष्ट करने का प्रयास किया जायेगा। इस शोध पत्र में वर्णनात्मक शोध प्ररचना की सीमाओं में रहकर कार्य किया गया है। इस शोध पत्र में अनेकों धार्मिक ग्रन्थों से तथ्य एकत्रित किये जा रहे हैं। समाज शास्त्र पढ़ने के नाते जाति व्यवस्था का विश्लेषण भी कर लेना आवश्यक है। भारत में प्रत्येक ग्रामीण इकाई में विभिन्न जातियों का संगम देखने को मिलता है। स्थान और क्षेत्र बदलने के साथ–साथ जातियों के नाम भी बदल जाते हैं। जैसे एक क्षेत्र विशेष में कृषक जातियों के नाम अलग हैं। जबकि दूसरे क्षेत्र विशेष में कृषक जातियों के नाम बदल जाते हैं। इसी तरह सेवक जातियों की बात की जा सकती है। किन्तु भारत वर्ष में जातिय व्यवस्था में कुछ सामान्य चीजे भी देखने को मिलती है। जैसे जजमानी व्यवस्था का केन्द्र किसान रहा है और दूसरा ब्राह्मण जाति पूरे भारत वर्ष में पाई जाती है और जातिय संस्तरण में उनका स्थान सर्वोपरि है। वह पुरोहिताई भी करते हैं। साथ ही धार्मिक दृष्टि कोण की बात की जाये तो हिन्दुओं मे कोई भी धार्मिक अनुष्ठान बिना पुरोहित के पूरा नहीं होता है। इन धार्मिक अनुष्ठानों में विभिन्न प्रकार के फल–फूल, वनस्पतियों की आवश्यकता होती है जो मनुष्य के जन्म से शुरू होकर मृत्यु तक चाहिए होती है। जैसे विभिन्न पूजा–पाठ के लिए पंच फल, दूब, केले के पत्ते, आम के पत्ते, आम की लकड़ी, नारियल, दाब, सरकण्डा, बांस, नीम, पीपल, वट, गेहूँ, जौ, चावल, दूध, घी, शहद, दही, गंगा जल, सामग्री आदि की आवश्यकता होती है। अर्थात् बगैर जैव विविधता के हिन्दू पूजा पद्धति भी पूर्ण नहीं हो सकती है। अब थोड़ा

सा ध्यान हम जैव विविधता पर भी देते हें। **जैविक विविधता** शब्द का प्रयोग 1980 में सवप्रथम **E.A. Norse** तथा **R.E. Mank Manus** द्वारा किया गया था। सन् 1985 में सर्वप्रथम **W.G. Rajen** ने जैव विविधता शब्द का प्रयोग किया। संसार में समस्त जीवधारी कही न कहीं अपने जीवन के लिए पेड़–पौधों से लेकर सूक्ष्म जीवाणुओं या जीवों पर निर्भर है। अर्थात् परिस्थितिकीय संतुलन को बनाये रखने के लिए इन सभी जीवों और वनस्पतियों के बीच सहयोग की आवश्यकता है तथा एक दूसरे का अस्तित्व कहीं न कहीं एक दूसरे पर ही निर्भर है। विश्व की विभिन्न प्रजातियों, पादपों तथा सूक्ष्म जीवों की समग्रता को ही हम जैव विविधता कहते हैं। इसी जैव विविधता को बचाये रखने के लिए औद्योगिकरण की प्रक्रिया के बाद भारत सहित पूरी दूनिया के देश चिंतित हैं तथा समय–समय पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस विषय पर सभी देशों के शीर्षत्व नेतृत्व सम्मेलन करते रहे हैं। भारत में भी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 अ के द्वारा हमें इससे सम्बंधित कई कानून विरासत में मिले हैं। नीति निदेशक तत्वों में राज्य को यह कहा है कि वह जंगल, झीलों, नदियों, जंगली जीवन की रक्षा करते हुए पूरे पर्यावरण की सुरक्षा और विकास करें। इसी के साथ थोड़ा सा ध्यान हम भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भी डालते हैं। आयुर्वेद में बीमारियों का इलाज विभिन्न वनस्पतियों के द्वारा ही किया जाता है। अर्थात् आयुर्वेद के हिसाब से पृथ्वी पर जैव विविधता का होना अति आवश्यक है। इसी तरह धार्मिक नजरिये से हम देखे तो हमारे प्रत्येक देवी–देवता के साथ कोई न कोई जीव तथा वनस्पति का सम्बन्ध बताया गया है। जैसे गणेश जी के साथ चूहा, माँ सरस्वती के साथ हंस, शिव के साथ सर्प, बैल, कृष्ण के साथ गाय, लक्ष्मी के साथ कमल का फूल आदि। इस तरह देखा जाता है कि हिन्दू धर्म में कहीं न कहीं जैव विविधता को जीवित रखने की एक प्रमाण रही है।

इसी तरह भारतीय जाति व्यवस्था की बात करें तो वह भी पूरे देश में जैव विविधता की पोषक रही है। भारत में ग्रामीणों के बीच सिन्धु घाटी की सभ्यता काल से ही पशुपालन तथा कृषि की परम्परा रही है। विभिन्न जीवों की रक्षा तथा वनस्पतियों की सुरक्षा भारतीय जाति व्यवस्था की एक परम्परा रहा है या संस्कृति का एक भिन्न–भिन्न पशुपालन, तथा भिन्न–भिन्न तरह की खेती तथा बागवानी हजारों जीवों की सुरक्षा की गारंटी है। पूर्वोत्तर भारत में जहां याक जैसे पशु को पालतु बनाया गया है। वही केरल और तमिलनाडु में हाथी जैसे विशालकाय पशु को भी पालतु बना लिया गया है। रेगिस्तान के जहाज ऊँट को भी पाला गया है। पंजाब में अच्छी–अच्छी नस्लों की भैंसे भी पाली गयी हैं। भारत में रहने वाली जातियों के द्वारा पाले जाने वाले कुछ पशु पक्षी इस प्रकार हैं–

क्र0 सं0	जाति	पाले गये पशु–पक्षी
1	गड़रिया	भेड़ पालन
2	विश्नोई	हिरन
3	बाल्मीकि	सुअर पालन
4	महावत	हाथी
5	मदारी	भालू, बन्दर
6	बंजारा	कुत्ता

7	झोझा	मुर्गे, बत्तख
8	कुम्हार	गधा, खच्चर
9	राजपूत	गाय, भैंस, घोडा
10	गुज्जर	गाय, भैंस
11	जाट	गाय, भैंस
12	राजस्थान में किसान जातियां	ऊँट, गाय, भैंस
13	यादव	गाय
14	धोबी	गधा
15	सपेरा	सांप
16	मछुआरे	मछली
17	शेख	बाज
18	तैली	बैल, बटैर
19	सैय्यद	घोड़ा
20	लीलगर	कबूतर

उपरोक्त तालिका को लेकर कुछ लोग यह भी कहेंगे कि यह सारे पशु–पक्षी कहीं न कहीं विभिन्न जातियों के व्यवसाय के साथ भी जुडे हैं। लेकिन यहां यह जानना आवश्यक है कि किसान के यहां जब बैल बूढा हो जाता है तो भी किसान उसे नहीं बेचता, क्योंकि इन सभी पशुओं के साथ प्रत्येक जाति का अपना एक भावनात्मक रिश्ता है जिसे हम लाभ–हानि की तराजु में नहीं रख सकते हैं। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश की किसान जातियों में जाट जाति के लोग आम, नीम के पेड़ लगाते हैं। जबकि त्यागी समाज के लोग अमरूद के बागों पर फोकस करते हैं। हिन्दु जातियां पीपल, वट, बरगद की लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयोग नहीं करती है। ऐसे अनेकों उदाहरण भारतीय जाति व्यवस्था में देखने को मिल जाते हैं। जैसे सरकण्ड़ा का उपयोग कहीं नहीं है। फिर भी हिन्दुओं में विवाह के समय मंढा पूजन सरकण्डे की बीड़ से ही होता है। जिसके कारण गांव से सरकण्डे को समाप्त नहीं किया जाता है।

निष्कर्ष :–

ऐसी अनेकों–अनेक परम्पराएं भारत में जैव विविधता की समृद्धता को बढाने में अपना सहयोग दे रही है। लेकिन आधुनिकता की होड ने कहीं न कहीं इन परम्पराओं के अस्तित्व को ललकारा भी है।

References

1. शुक्ल, दीनानाथ, कुमार, पी0, श्रीवास्तव, वन्दना, 2007 : पर्यावरण अध्ययन– समस्यायें एवं निदान, क्षितिज प्रकाशन, नरायनपुर, शिवपुर, वाराणसी

2. अग्रवाल जी0के0, 2019 : भारत का समाजशास्त्र, एस0बी0पी0डी0 पब्लिकेशन्स, आगरा।

मुगलकालीन नौ–परिवहन :स्वरूप एवं विकास

डॉ0 अम्बिका प्रसाद तिवारी
असिस्टेंट प्रोफेसर
इतिहास विभाग
बुद्ध पी0 जी0 कॉलेज, कुशीनगर,

सभ्यता का इतिहास बताता है कि विश्व की अधिकांश सभ्यताएँ नदी की घाटियों में पनपी और विकसित हुईं। प्राचीन काल से ही यूनान रोम तथा भारत आदि देशों में संचार के साधनों के रूप में जहाजों के प्रयोग का विवरण मिलता है। प्रो0 राधा कुमुद मुकर्जी के अनुसार 3000 वर्ष पूर्व पेगू, कम्बोडिया, जावा, सुमात्रा आदि देशों में भारतीय बस्तियाँ थीं तथा दक्षिण चीन, मलाया, अरब और फारस के लगभग सभी प्रमुख शहरों से भारत का व्यापारिक सम्बन्ध था।[1]

उत्तर भारत की नदियाँ मैदान में बहने के कारण परिवहन के लिये अधिक उपयुक्त हैं। गंगा, ब्रम्हपुत्र और सिंध इन तीनों के उद्‌गम स्थल हिमालय में है। सिंधु–गंगा का मैदान हिमालय की तलहटी और दक्षिण भारत को अलग करने वाले मध्य क्षेत्र के बीच में स्थित है। यह पूर्व में ब्रम्हपुत्र से लेकर पश्चिम में बोलन दर्रे तक फैला है। दिल्ली और आगरा से आगे नदियों के प्रवाह पूर्व की ओर मुड़ गये हैं। गंगा के समानान्तर यमुना और घाघरा भी पूर्व की ओर प्रवाहित होकर आगे गंगा से मिल जाती हैं। जबलपुर के निकट से निकल कर नर्मदा नदी पहाड़ी घाटियों से होती हुई पश्चिम की ओर बहती है। नर्मदा से लगभग 50 मील दूर उसके समानान्तर ताप्ती नदी प्रवाहित होती है जो सूरत के निकट समुद्र में गिरती है। मध्यकालीन खान देश ताप्ती की घाटी में ही बसा था उत्तर–पश्चिम में सिंधु नदी की धारा को उसकी सहायक झेलम, चिनाव, रावी और सतलज मिलकर तेज कर देती हैं जो करांची के निकट डेल्टा बनाती हैं। दक्षिण की नदियों में कृष्णा, गोदावरी और महानदी प्रमुख हैं।[2]

भारत में प्राचीन काल से जहाजों तथा नावों के उल्लेख मिलते हैं। वैदिक साहित्य को उद्धृत करते हुये आर0सी0 मजूमदार[3] तथा पाणिनि सूत्रों का हवाला देते हुये डॉ0 बी0एस0 अग्रवाल[4] ने प्राचीन काल के नौ परिवहन पर विस्तार से प्रकाश डाला है। कौटिल्य ने जल मार्गों द्वारा यातायात को अत्यन्त सस्ता तथा कम श्रम वाला बताया है, परन्तु हर मौसम के लिये नहीं। तो भी जल मार्गों द्वारा अधिक यात्रायें की जाती थीं क्योंकि इसमें पैसा कम लगता था और यात्रियों को लाभ अधिक था।[5] मौर्य काल में 'नावाध्यक्ष' का एक पद होता था यह सरकारी अधिकारी होता था। नौ परिवहन के संचालन के साथ उससे संबंधित शुल्क का निर्धारण एवं वसूली करवाने की व्यवस्था नहीं करता था।[6] वाराणसी से पटना और कैन्या (वर्तमान भागलपुर) तक बराबर बड़ी–बड़ी नावें चला करती थीं।[7] पालि जातकों में भी बड़े–बड़े जहाजों एवं नावों का उल्लेख मिलता है।[8]उस काल में जब संचार का साधन इतना तीव्र और सुलभ नहीं था, नदियाँ ही इसकी पूर्ति करती थीं। यातायात एवं संचार के लिये यही तेज और द्रुतगामी साधन थीं। सैनिक तथा व्यापारिक दोनों प्रकार के संचार के लिये नदियों का उपयोग होता था। परन्तु जब बरसात में तेज बाढ़ आ जाती थी तो कुछ अपवादों को छोड़कर ये नदियाँ यातायात के लिये रूकावट भी बन जाती थीं।[9]

सल्तनत काल में अमीर–उल–बहर नाम का एक अधिकारी होता था जो नदियों में नावों की वेड़े की देखरेख करता था।[10] निकोली डि काण्टी ने पन्द्रहवीं शताब्दी में हिन्दुस्तान का भ्रमण किया था। उसने तत्कालीन रियासतों तथा बन्दरगाहों पर पर्याप्त प्रकाश डाला है। उसने ऐसे जहाजों का भी विवरण दिया है जो एक हजार टन की क्षमता वाले थे।[11] सल्तनत काल के एक दूसरे प्रमुख यात्री मार्को पोलो ने कैम्बे बन्दरगाह को एक प्राचीन बन्दरगाह स्वीकार किया है। जबकि कालीकट बन्दरगाह को दुनिया का एक श्रेष्ठ बन्दरगाह बताया है। उसने 300 नाविकों एवं कर्मचारियों वाले जहाजों का भी उल्लेख किया है।[12]

मुगल काल में नौपरिवहन अत्यन्त विकसित अवस्था में था। जहाजों तथा नौकाओं का प्रयोग युद्ध एवं व्यापार दोनों के लिए समान रूप से किया जाता था। 'मीर बहर' मुगलों के समय में इस विभाग का प्रमुख अधिकारी था साम्राज्य की आवश्यकता के अनुसार यह जहाजों के निर्माण एवं संचालन का प्रबंध करता था। 'मीर बहर' सैनिक गतिविधियों तथा विदेशी समाचारों को भी एकत्र कर दरबार में भेजता था। बन्दरगाह शुल्क, सीमा शुल्क, नौका कर आदि का भी निर्धारण वही करता था।[13] युद्ध के समय 'मीर बहर' सेना को नदी पार करवाने तथा छोटे–मोटे पुल के निर्माण कराने का कार्य भी करता था। मुगल शासकों ने नौपरिवहन के प्रति विशेष दिलचस्पी दिखायी। तुजुक–ए–बाबरी से ज्ञात होता है कि बाबर नौका बिहार एवं तैराकी में अत्यधिक रूचि लेता था।[14] 'ख्वान्दमीर' के 'हुंमायूँ नामा' से ज्ञात होता है कि हुमायूँ प्रशासन प्रशासन के चार प्रमुख विभागों में से एक विभाग जल से संबंधित था।[15]

हुमायूँ ने नावों के निर्माण एवं संचालन में कई नये प्रयोग किये, उसने दो मंजिल वाले बजरों का निर्माण करवाया, जिसके विभिन्न भाग भिन्न–भिन्न रंगों से रंगे गये। उन पर सुन्दर कालीन तथा बहुमूल्य वस्तुओं से सजावट की जाती थी जिससे ये बजरें बहुत शानदार दिखायी देते थे।[16] हुंमायूँ का दूसरा प्रयोग यह था कि उसने बहुत सी नावों के किनारे तथा बीच में दुकाने स्थापित करवायी थीं यहीं से नावों पर चलती फिरती दुकानों की नई परम्परा की शुरूआत हुई। ख्वान्दमीर तो यह भी लिखता है कि सभी प्रकार के व्यवसायियों को यह आदेश दिया गया था कि वे अपनी–अपनी दुकानें इस प्रकार की नावों पर सजायें किन्तु यह आदेश प्रभावी नहीं हो सका। हुमायूँ ने स्वयं ऐसी नावों पर अपने अमीरों एवं अधिकारियों के साथ तुगलकाबाद से आगरा तक कई बार यात्रा की थी। उसने शाही मालियों को आदेश दे रखा था कि वे इन नावों पर वेला, चमेली तथा कुछ अन्य प्रकार के खुशबूदार फूल लगायें जिससे ताजे फूल मिल सकें और नावों का आकर्षण बढ़ जाये।[17] हुमायूँ का तीसरा प्रयोग यह था कि उसने चलते फिरते पुल (जसर–ए–रबा) का निर्माण करवाया जो आवश्यकता पड़ने पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाये जा सकते थे। इन पुलों के निर्माण में छोटी–छोटी नावों को लोहे के कुण्डों एवं जंजीरों से इस प्रकार जकड़ दिया जाता था कि वे हिल न सकें। फिर उन पर लकड़ी के पटरे डाल दिये जाते थे, जिनके ऊपर से आसानी से नदी पार कर लिया जाता था।[18] अंग्रेज इतिहासकार बेवरीज ने 'अकबर नामा' के अनुवाद में अपनी टिप्पणी दी है कि हुमायूँ के समस्त कार्यों में यह एक मात्र उपयोगी एवं लाभदायक कार्य था।[19]

अकबर ने इस विभाग को और भी वैज्ञानिक ढंग से सुसज्जित किया, अबुल फजल के अनुसार सम्राट स्वयं नावों के निर्माण का निरीक्षण करता था, उस समय नावें इतनी बड़ी और मजबूत बनायी जाती थीं कि उन पर हाथियों को सरलता पूर्वक ले जाया जा सकता था। कुछ नौकायें घरों जैसी बड़ी–बड़ी तथा कुछ पशुओं की आकृति की बनाई जाती थीं जिनमें भय और मनोरंजन दोनों का संयोग स्पष्ट होता था।[20] अकबर के शासनकाल में बंगाल, थट्टा और कश्मीर में जहाज तथा बड़ी नावें पश्चिम समुद्र तट और दक्षिण समुद्र तट पर जहाज और इलाहाबाद तथा लाहौर में बड़ी–बड़ी नौकायें तथा कुछ जहाज बनाये जाते थे, जिन्हें समय–समय पर समुद्र तट पर भेज दिया जाता था।[21] इन नावों एवं जहाजों पर ऐसे नाविक

नियुक्त किये जाते थे जो जल की गहराई, विभिन्न हवाओं के बहने का समय तथा उनसे होने वाले लाभ और हानियों से परिचित होते थे। इसके अतिरिक्त नाविक को स्वस्थ्य, बलवान, दक्ष, तैराक, परिश्रमी एवं धीर प्रकृति का होना चाहिये था। इन गुणों का समावेश मालावार के नाविकों में अधिक था। इसीलिये वहीं से अधिक संख्या में नाविकों की भर्ती होती थीं।[22]

आइन–ए–अकबरी से इस विभाग की कार्यवाही तथा इससे सम्बन्धित आंकड़ों की विस्तृत जानकारी मिलती है। जहाजों तथा नावों के आकार और बन्दरगाह की श्रेणी के आधार पर नाविकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति होती थी और उसी के अनुसार वेतन भी दिया जाता था। उनके पद और स्तर के अनुसार सुविधएं भी मिलती थीं।[23] 'नाखुदा', 'मुअल्लिम', 'टण्डिल', 'सरहंग', 'सुभंगीर', 'पंजरी', 'गुम्ती', 'भण्डारी' एवं 'खारवा' आदि प्रमुख कर्मचारी होते थे जो बन्दरगाहों, जहाजों और नावों की श्रेणी के आधार पर वेतन प्राप्त करते थे। सतगांव (हुगली) बन्दरगाह में नाखुदा को चार सौ रुपये मासिक वेतन तथा चार केबिन (कोठरियाँ) उसके निजी प्रयोग के लिये मिलती थीं, मुअल्लिम को 200 रुपये प्रतिमास और दो केबिन, टण्डिल 120 रुपये प्रतिमास, सरहंग 25 रुपये, सुभंगीर, पंजरी, भण्डारी और गुम्ती प्रत्येक को 15 रुपये प्रतिमास तथा खारवा को 40 रुपये प्रतिमास का दैनिक भोजन दिया जाता था। खम्भात (कैम्बे) बन्दरगाह में नाखुदा को 800 रुपये प्रतिमास मिलते थे और उसी अनुपात में अन्य कर्मचारियों को भी दिया जाता था। लाहरी बन्दरगाह में 300 रुपये प्रतिमास नाखुदा पाता था तथा शेष कर्मचारी उसी अनुपात में धनराशि पाते थे। सामान्य तौर पर उत्तर की तुलना में दक्षिण के बन्दरगाहों में लगभग दूना वेतन और सुविधाएं दी जाती थी। वहाँ से पुर्तगाल जाने वाले को ढाई गुना तथा मलक्का जाने वाले को दूना से अधिक वेतन मिलता था। नदियों के नाविकों को 100 दाम से लेकर 500 दाम तक मासिक वेतन दिया जाता था।[24]

अकबर के शासनकाल में नाव से सामान ले जाने तथा नदी पार करने के लिये जो कर लिये जाते थे उनका विवरण अत्यन्त ही रोचक है। नावों पर रहने वाली दुकानों का वजन यदि 1100 मन हो तो एक रुपया प्रति कोस लिया जाता था, यदि नाव और उस पर का सामान एक ही व्यक्ति का हो तो 1090 मन तक के बोझ के लिये एक रुपया प्रति कोस लिया जाता था, यदि नाव किराये की हो और सामान दूसरे का हो तो प्रति ढाई कोस पर एक रुपया लिया जाता था। घाटों पर नदी पार करने के लिये शुल्क की दरें अलग–अलग थीं। प्रति हाथी 10 दाम, लदी गाड़ी 4 दाम, खाली गाड़ी दो दाम, लदा हुआ ऊँट एक दाम, खाली ऊँट 1/2 दाम, घोड़े तथा अन्य जानवर जो बोझ के साथ होते थे 1/2 दाम और खाली के लिये 1/4 दाम देने पड़ते थे। बाकी पशुपक्षियों एवं जानवरों के लिये 1/16 दाम लिया जाता था। एक साथ कुल 20 आदमियों के लिये एक दाम देना पड़ता था। विशेष परिस्थिति में मुफ्त नदी पार करने की भी अनुमति मिल जाती थी।

प्यारे! इस संसार में प्रेम के फूलों को मसल दिया जाता है। मैने खूब प्रेम में चढ़ चढ़ कर देखा है। आंखों को पसार–पसार कर देखा है। यह भी देखा है कि मेरे ही स्वप्न हँसते हुए पैदा होते हैं। फिर पीड़ा की लहरों में लहरा लहरा कर, रो रो कर अपने ही भावों में पीड़ित हो कर संसार में मुँह खोल खोल कर रोने लगते हैं। तब मन कहता है कि अंधकार की रसमुग्धता में ही खो जाऊँ। क्योंकि शीतल अंधकार में सिमटने से मन को कुछ क्षणों के लिए आराम तो मिल जायेगा, क्योंकि जगत का सारा सौन्दर्य असीम की व्यापकता में छिपा है। मन जब व्यापकत्व में समाहित हो जायेगा। तभी नींद आयेगी।

वर्मा जी के प्रिय का अस्तित्व कण–कण में व्याप्त है। जगत का कण कण, इस समय प्रिय समाधि की बेला में सो रहा है। इसलिए संसार के समस्त कोलाहल को अपने अन्दर ही अन्दर पी–पी कर सुला रही है। क्योंकि बहुत दिनों का प्यासा प्रिय आज पास सो रहा है। यदि बहिर्जगत के एक भी प्रकाश के कण प्रकाशित हो जायेंगे, तो प्रिय कोलाहल सुन कर फिर जग जायेगा। कच्ची नींद में जगने पर मन को कतर–कतर करके रख देता है।

कन कन में बिखरी सोती है

---

1 नीहार गीत 4 पृ0 19

2 नीहार गीत 4, पृ0 19

3 नीहार गीत 5, पृ0 19

अब उनके जीवन की प्यास
जगा न दे हे दीप। कहीं

उसको तेरा यह क्षीण प्रकाश। नीहार गीत छः, पृ0 24,

उसको तेरा यह क्षीण प्रकाश। मैंने अपने प्राणों के प्रकाश को अपने प्राणों में ही छिपा दिया है। हे! मेरे देवता, मैं अपनी भावात्मक अनुभव की गहराई में उतर कर, ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहती हूँ। जिससे आपकी नींद में कोई खलल पड़े। क्योंकि नींद से प्रिय जब जगता है। सारी संवेदनाओं को मसल देता है। इसलिए अपने प्रिय को पूर्ण नींद में सुलाने का प्रयास कर रही हूँ। प्रियतम! जब जी भर–भर के सोकर उठेंगे। तभी जी भर–भर के बातें भी करेंगे। मैं आपका हृदय जानती हूँ। आपका स्वभाव भी जानती हूँ। जब आपकी हो गयी हूँ तब तो आपके ख्यालों का पूरा ध्यान रखना ही पड़ेगा। यही सोच कर मन से संवाद करती हूँ।

प्यारे! मन तुम भी सो जाओ/

जब प्राणनाथ/बगल में सो रहे हों/तो फिर जागरण/ जीवन का अवसाद है/ विषाद है/ऐसा सोच कर/ आज मैंने अपने मन के दीपों को बुझा दिया/ क्योंकि/ आज की रात/ प्रिय के सुहाग की रात है/ पास में ही/ सोया हुआ प्रिय है/ प्यासा भी है/ असीम अंधकार भी है/ ऐसे परिवेश में / प्रिय का सानिध्य/ मन की सारी दीवालों को/ स्वयं गिरा देगा।

–डॉ0 उमेश मिश्र 'बाबा'

वर्मा जी का सम्पूर्ण साहित्य करुणा का साहित्य है। जिसके अन्दर ही अन्दर आध्यात्म का रस बहता रहता है। प्रिय की निरन्तर पूजा के लिए। प्रिय के प्रेम में वर्मा जी अपने को मिसरी की भाँति बहाती रहती हैं। फिर भी प्रिय रूठा रूठा सा रहता है।

विधु की चाँदी की थली,
मादक मकरन्द भरी सी,
जिसमें उजियारी रातें
लुटती घुलती मिसरी सी। – नीहार गीत सात पृ0 25

फिर भी पुरुष आकर्षित नहीं होता। अपना सब कुछ अर्पित कर देने पर भी, पुरुष की पूरी प्यास नहीं भर पाती है। जब कि इस संसार में पुरुष के सौन्दर्य को स्त्रियॉ ही सजाती हैं, और पुरुष के मन को तृप्त करने का पूरा प्रयास भी करती है। तभी तो एक स्त्री कहती है –

मैं एक स्त्री हूँ/ पुरुष के जीवन में रस घोलती हूँ/ प्राणनाथ को कैसे, प्राणों की ऋतु/ किस समय/ किस अवस्था में/ किस दशा में चाहिए?

यह मैं जानती हूँ/ क्योंकि मैं एक स्त्री हूँ/ पुरुष के मन को/ कैसे परिवर्तित किया जाता है/

यह मैं जानती हूँ/ और/ यह केवल/ एक स्त्री ही जान सकती है/

– उमेश मिश्र (बाबा)

प्रेम देने पर प्रेम मिलता है। यह एक स्त्री ही जानती है। लेकिन पुरुष का प्रेम नाप तौल कर दिया जाता है। तभी तो पुरुष जब स्त्री से दूर हो जाता है। भिखारी सा जीवन जीता है। प्यारे! यह तब जानोगे। जब मुझसे दूर हो जाओगे। क्योंकि मैं एक भारतीय नारी हूँ। मैं प्रिय के प्रेम में ऐश्वर्य भरती हूँ।

भिक्षुक से फिर जाओगे,
जब लेकर यह अपना धन,
करुणामय तब समझोगे

इन प्राणों का महँगापन। – नीहार गीत सात, पृ0 25

जब मेरी आत्मा से दूर चले जाओगे। बहुत दूर चले जाओगे। किसी अन्य देश में तब मेरे देश से, जब तुलना करोगे। तब बहुत पछताओगे। यह मेरे मन की आवाज कह रही है। मन की करुणाभरी पुकार कह रही है। क्योंकि स्थान बदलते ही विचार भी बदल जाते हैं। जब वहॉ जाओगे। मेरी यादों को जीवन भर निकाल नहीं पाओगे। रहोगे वहाँ, सोओगे मेरी ही स्मृतियों को मन में लेकर, नीहार में वर्मा जी अपनी साधना को पल भर, के लिए स्थिर रखना चाहती हैं। क्योंकि पल भर में ही यदि प्रिय का साक्षात्कार हो जाय, तो जीवन में ऐश्वर्य की रश्मि उतर जायेगी। इसीलिए साधना में एकान्तमन का महत्वपूर्ण स्थान होता है। यही पल भर का मिलन परमप्रिय की तरंग है। मन का यही परम सौन्दर्य भी है। जिसमें मन परमप्रिय से एकान्त में बातें करता है।

हे नभ की दीपावलियों

पल भर को बुझ जाना – नीहार गीत नौ, पृ0 32

हे नभ की दीपावलियों। आज मैं भीतर की यात्रा पर निकली हूँ। ऐसे प्रिय जब पल भर के लिए दिखायी पड़ेंगे। तो ऐसे मधुर क्षणों में मैं जब विसर्जित हो जाऊँगी, तो मेरे जीवन का दुर्भाग्य सौभाग्य में बदल जायेगा। एक क्षण के लिए चुप हो जाओ। एक ही क्षण मेरे लिये काफी है। एक क्षण में यदि मन को शान्ति नहीं मिलेगी, तो वर्षों का जागरण कोई अपना अस्तित्व नहीं रखता है। क्योंकि मैं प्रिय की दीवानी हूँ। मेरे लिए पल ही काफी है। इसी एक पल भर में जीवन की सारी प्यास बुझ जायेगी। यह एक कदम, यह एक पल का चला हुआ मन, अपने मतवालेपन से, सब कुछ झूम–झूम कर पी लेगा। प्रेम की पूजा में एक पल की शान्ति में, जीवन के सारे रास्ते सिमट जाते हैं। इस एक पल को मैं जाग–जाग कर वर्षों से देखना चाहती हूँ। वही प्रेमी, वही भक्त, वही साधक प्रामाणिक है, यथार्थ है, जो पल पल में जीता है। जो प्रेम में पल–पल स्नान करता है। ऐसे प्रेमी के लिए एक पल ही यथेष्ट है। क्योंकि मन जब प्रिय में डूब जाता है। तभी मन जीवन में अपना बसन्तोत्सव मना सकता है। जीवन की वही असली दीपावली है। इसलिए मैं एक क्षण के लिए अपने प्राणों का दर्शन करना चाहती हूँ। प्राण तभी प्राणनाथ का दर्शन कर सकते हैं। जब कोई आन्तरिक बाधा न हो।

वर्मा जी सम्पूर्ण जगत में जब 'नीहार' 'नीहार' कर प्रिय का अक्स नहीं देख पाती हैं। तब करुणा से आर्त्त होकर कराह उठती हैं। अपनी अंतिम जीवन की इच्छापूर्ति के लिए प्राणों से प्रार्थना करती है। केवल एक बार प्रिय दर्शन के लिए।

जो तुम आ जाते एक बार।

कितनी करुणा, कितने संदेश

पथ में बिछ जाते बन पराग, – नीहार गीत पंन्द्रह, पृ0 48

हे! मेरे परमात्मा। बस एक बार जीवन में रश्मि बन कर आ जाते। तो जीवन की सभी रिक्त इच्छाओं को मैं हृदय में भर लेती। क्योंकि मन के कोने कोने में तुम्हारा ही दर्द बहता रहता है। इसी को पत्र बना कर मन से लिखती रहती हूँ। पता नहीं कितना लिखती जाती हूँ? अपने में ही झूम झूम कर। इसलिए प्रार्थना करती हूँ कि बस एक बार जीवन में उपस्थित हो जाओ। प्रकट हो जाओ। मन के अन्दर बहुत सी बातें हैं, जो पत्र पर नहीं लिखी जा सकती हैं।

गाता प्राणों का तार तार

अनुराग भरा उन्माद राग,

आँसू लेते वे पद पखार। – नीहार गीत पन्द्रह, पृ0 48

बस एक बार मेरे प्रियतम आ जाओ। मेरे प्राणों का तार–तार तेरे ही अनुराग का उन्मादी राग गा रहा है। लज्जा के कारण कुछ बोल नहीं रहा है। बस अन्दर ही अन्दर अपने प्रेम को सजोता ही जा रहा है। प्राणों के जो मेरे सितार के तार हैं। अन्तर ही अन्दर केवल गा गा कर आँखों में आँसू ही आँसू पैदा करते हैं। मेरी यही आकांक्षा है। इन्हीं आँसुओं से तुम्हारे पैरों को धो धो कर अपने मन के मंदिर में छिड़क लूँ। जिससे मेरा आँगन पवित्र हो जाय।

महादेवी द्वारा विरचित यामा की नीहार प्रथम याम है। जिसमें वर्मा जी केवल प्रिय को धुंध में देखने का प्रयास कर रही हैं। लोकभारती द्वारा प्रकाशित यामा के प्रथम याम में केवल पन्द्रह कविताएँ हैं। जिनको मैंने भावविस्तार देने का प्रयास किया है। क्योंकि भावों की सघनता ही किसी कवि को महान कवि बनाता है। भाव साधना ही प्राणों को विस्तार देती है। वर्मा जी की 'नीहार' साधना की प्रथम सीढ़ी है। जिसमें प्राण केवल प्रिय को विभिन्न रूपों में ही अभी देख देख कर आकुल और व्याकुल हो रहे हैं। इन प्राणों में अभी बाल सुलभ चेष्टा है। ये अभी केवल प्रिय को देखने के लिए कभी नाचते हैं, तो कभी देरी होते देख कर केवल रह रह कर करुणा भरी आवाज देते हैं। इनकी पुकार में पीड़ा की टीस है। गहरी हृदय की कसक है। जो प्रेम साधना को विस्तृत भवभूमि प्रदान करती है। मन का उन्माद जब परम उत्कर्ष पर पहुँच जाता है। तब प्रिय की प्रतीक्षा के लिए व्याकुल होकर पुकारने लगता है। प्रेम के मार्ग में श्रद्धा अनिवार्य तत्व है। क्योंकि भक्ति मार्ग जीवन का परम वियोग मार्ग भी है। इसमें प्रतिदिन प्रतिक्षण नये नये अनुभव से मन गुजरता है। 'नीहार' में वर्मा जी का व्याकुल मन पीड़ा से ही अपनी पुकार को अंतिम रूप देता है। जिसमें एक ओर प्रियतम का असीम सौन्दर्य है, तो दूसरी ओर वर्मा जी के मन का असीम सौन्दर्य है, जो पीड़ा में से ही रह रह कर निखरता हुआ दिखायी पड़ता है। प्रेम मार्ग में भक्त अपने परमात्मा से ही निरन्तर मन ही मन संवाद करता रहता है। कभी आँख में आँसू भर कर रोता है, तो कभी कभी फूलों में प्रिय का चेहरा देख कर कुछ क्षणों के लिए हँस लेता है। वर्मा जी की 'नीहार' पीड़ा का सागर है। जिसकी लहरें तो मन में आनंद भरती हैं। लेकिन डूबने पर मिलती है केवल पीड़ा! ऐसी पीड़ा जो अपरिभाष्य है। जिसके अन्दर से परमात्मा का महाराग निकलता है। जिसको सुन सुन कर आँखों से केवल आँसू ही आँसू गिरते हैं।

सन्दर्भ सूची

1. यामा – महादेवी कृति (प्रथम यामः नीहार) प्रकाशक – लोक भारती प्रकाशन दरबारी विल्डिंग एम0 जी0 रोड इलाहाबाद –1

कामकाजी महिलाओं में पारिवारिक समायोजन की जटिलताएँ

पूर्णिमा तिवारी
शोध छात्रा
समाजशास्त्र विभाग
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

कामकाजी महिलाओं का तात्पर्य प्रायः घर से बाहर कार्य करने वाली महिलाओं से लिया जाता है, जिसका मासिक वेतन निर्धारित होता है। समाज में महिलाएं अपने घर परिवार के साथ–साथ बाहरी कार्यो (रोजगार) की तरफ भी कदम बढ़ा रही है। आधुनिक समाज में महिलाएं विभिन्न कार्य क्षेत्रों जैसे–स्कूल–कालेज, उद्योग–कारखाने, प्रशासनिक सेवाएं तथा राजनीति इत्यादि अन्य व्यावसायिक कार्यो में कार्यरत है। जहाँ एक तरफ महिलाएं रोजगार की ओर उन्मुख हो रही हैं उससे उनकी परिस्थितियों में परिवर्तन भी देखा गया है। इस प्रकार दोहरी भूमिका निभाते हुए महिलाओं की समस्याएं भी जटिल होती जा रही हैं। हमारे समाज में मध्यमवर्गीय महिलाएं जो रोजगार में कार्यरत हैं उन्हे समाज में एक सामाजिक तथा आर्थिक संवृद्धि प्राप्त होती है तथा जीवन के विभिन्न पहलुओं के प्रति उनके दृष्टिकोण में परिवर्तन भी देखा जा रहा है।

आधुनिक जीवन अर्थ प्रधान होता जा रहा है आर्थिक स्वाधीनता के अभाव में सभी प्रकार की स्वाधीनताओं का अर्थ या महत्व निम्न ही माना जाता है। इस मान्यता के आधार पर महिलाएं भी रोजगार अपनाकर आर्थिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ रही हैं क्योकि किसी भी व्यक्ति विशेष की आत्मनिर्भरता सिर्फ सुदृढ़ीकरण देने की पहल की सोच नहीं है अपितु यह उसके आत्मविश्वास को बनाए रखने का अहम बिन्दु भी है। वर्तमान समय में रोजगार से संबंधित महिलाएं है खासकर शहरी क्षेत्रों में उनके ऊपर घर तथा कार्यालय की दोहरी जिम्मेदारी होती है दोनों ही भूमिकाएं अपने स्थान पर महत्वपूर्ण है इन भूमिकाओं के मध्य सामंजस्य बनाकर सुचारू रूप से निभाने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

साधारणतया कुछ महिलाएं आपनी भूमिकाओं के प्रति सामंजस्य बनाने में कामयाब हो पाती है तो वही दूसरी तरफ कुछ महिलाएं कार्यों की अधिकता के कारण विभिन्न परेशानियों से जूझती रहती है। विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को निभाते हुए महिलाएं आधुनिक समाज में अवसाद का भी शिकार होती जा रही है, जिससे बच्चों के समाजीकरण में बाधाएं आ रही हैं। समाज के इस बदलते हुए स्वरूप से आने वाली पीढ़ी के लिए यह चिंता का विषय बनता जा रहा है क्योंकि परिवर्तित समाज में महिला तथा पुरूष दोनों का रोजगार उन्मुक्त होना पारिवारिक जीवन की प्रमुख समस्या का केन्द्र बिन्दु बनता जा रहा है, विशेषकर बच्चों के समाजीकरण में अधिक कठिनाइयाँ देखने को मिलती है तथा मुख्य रूप से एकांकी परिवारों में। **कार्ल मार्क्स** के विचारानुसार **'स्त्रियों की सामाजिक स्थिति से सामाजिक प्रगति को ठीक–ठीक मापा जा सकता है'** कामकाजी महिलाओं की संख्या में वृद्धि की इस प्रत्यक्ष घटना की मुख्य प्रेरणा के मूल में उनकी बढ़ती हुयी आर्थिक आवश्यकताएं है, जिससे वह अपने परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में पूर्ण तत्परता से लगी रहती हैं। **प्रमिला कपूर** ने अपने शोध अध्ययन में यह स्पष्ट किया है कि मात्र आर्थिक लाभ को प्रमुख मानकर महिलाएं नौकरी नहीं करती है बल्कि यदि मूल रूप से देखा जाए तो इसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी हैं जैसे–अपनी प्रतिभा को निखारना, समाज में सर्वोच्च स्थिति की प्राप्ति करना, आर्थिक रूप से स्वतन्त्र तथा स्वावलम्बी बनना, लोगों से मेल–जोल रखकर सामाजिक पूंजी एकत्र करना, घर की चहारदीवारी से निकलकर बाहरी वातावरण का आनन्द उठाना, समाज के लिए लाभार्थी कार्यों को करने में उत्सुक रहना, मनचाहा रोजगार की प्राप्ति करना इत्यादि कारण भी हो सकते हैं।

साधारण रूप से यदि देखा जाए तो संयुक्त परिवार से आने वाली कामकाजी महिलाओं में भूमिका द्वन्द अत्यधिक देखा गया हैं परिवार में सदस्य संख्या अधिक होने से परिवार को उनसे अपेक्षाएं भी अधिक होती हैं जिससे खीचा–तानी लगी रहती है। कामकाजी महिलाएं राजनीतिक व सामाजिक रूप से सक्रिय व प्रगतिशील नागरिक की भूमिका में दिखायी दे रही हैं वे अपने आस–पास के राजनीतिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहती हैं तथा अपना आवश्यक भागीदारी भी दर्ज कराती हैं। समाज में बदलते परिवर्तन के नवीन कारकों एवं शिक्षा के सार्वभौमिकरण के मिले–जुले प्रभावों के फलस्वरूप महिलाओं ने विस्तृत पैमाने पर शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में प्रवेश किया है तथा कामकाजी महिला के रूप में नवीन सामाजिक प्रघटना बनकर उभर रही है। **नारी देसाई ने लिखा है कि** परम्परागत पारिवारिक शक्ति संरचना, जाति और पुरूष प्रधान समाज, धार्मिक कथाएं, महिलाओं का शोषण करती हैं। उनका मत है कि सम्पूर्ण सामाजिक निर्माण के लिए भारतीय स्त्रियों की आर्थिक दशा में सुधार लाना अधिक आवश्यक है।

कामकाजी महिलाओं से घर के सदस्यों की देखभाल से लेकर बच्चों से जुड़े सम्पूर्ण जिम्मेदारीयों के निर्वहन की अपेक्षा की जाती है व मातृत्व की भूमिका को नारी की अभिन्न भूमिका के रूप में अपेक्षित किया जाता है। महिलाओं के एक ओर बाहर जाने के रास्ते होते हैं तो वही दूसरी ओर महिला अपनी मन की बेड़ियों में कैद रहती है। समाज का उनकी अपेक्षाओं का बोझ इतना बढ़ जाता है कि वे अपनी उम्मीदें तथा महत्वाकांक्षाएं कम कर लेती हैं। सामान्यतः समाज में यह देखा जाता है कि महिलाओं का कामकाजी होना परिवार में अलगाव पैदा कर देता है, क्योंकि पारिवारिक जिम्मेदारियों की अपेक्षा महिला से रखा जाता है।

ए0डी0रास 1961 ने कहा है कि आधुनिक समय में आर्थिक दबाव के कारण परिवार की आर्थिक सहायता करने के लिए स्त्री का किसी न किसी व्यवसाय में आना आवश्यक हो गया है। यह सामाजिक विकास का संक्रान्ति काल है जहाँ पर पुरानी मान्यताएं और नियम व्यर्थ हो गए है नए नियमों तथा मानदण्डों का अभ्युदय हो रहा है यहाँ पर आवश्यकता है कि हम नए सिरे से सामाजिक निर्माण के कार्य करे, जिससे कि स्त्री की दोहरी भूमिकाओं एवं सामाजिक स्थिति को मूल्यांकित किया जा सके। **नासकोम** के एक सर्वेक्षण में जानकारी दी गयी है कि आई0टी0 सेक्टर में दो लाख कर्मचारी काम करते हैं, जिनमे से महिलाओं की संख्या पच्चीस प्रतिशत है। यह संख्या व्यापक रूप से बढ़ती ही जा रही है। मिडिल मैनेजमेंट में महिलाओं की प्रतिशत संख्या दर दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। कहा जाता है कि भूमण्डलीकरण के अधिकतर फायदे शहरी मध्यमवर्गीय महिलाओं को मिले हैं इसी आधार पर इनकी समस्याएं भी बढ़ी हैं घर तथा बाहर दोनों की भूमिका निभाने में उन्हें अत्यधिक चुनौतीयों का सामना करना पड़ता है।

वर्तमान समय में संयुक्त परिवार में विघटन की प्रक्रिया अधिक तीव्र गति से बढ़ रही है तथा उसका स्थान अब दाम्पत्यमूलक परिवारों के रूप में प्रतिस्थापित हो रहे हैं जिसका समाज पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों को देखा जा सकता है, समाज की व्यवस्था को बनाए रखना भी आवश्यक है जो सामाजिक क्रियाओं को गतिशीलता प्रदान करता है।

विमला अग्रवाल 1994, के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि कामकाजी महिलाओं में तनाव की प्रमुख वजह महिलाओं के वैवाहिक संबंध और कार्य का अतिभार होना है क्योंकि कामकाजी होने के साथ–साथ दफ्तर के कार्य भी करने होते हैं, जबकि घर के कामकाज को देखने वाली महिलाए इससे बच जाती हैं।

कल्पना शाह 1992, ने भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में पितृसत्तात्मक विचारधारा को कामकाजी महिलाओं के रोजगार के लिए प्रमुख बाधा के रूप में माना है उनका मत है कि पुरूषवादी विचारधारा के कारण उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य को दोयम दर्जे की संज्ञा दी गई है। **दासगुप्ता 1999,** के अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि कामकाजी महिलाओं और भूमिका संघर्ष सम्बन्धी अध्ययनों में स्पष्टतः यह निष्कर्ष दिया है कि विवाह के उपरान्त महिलायें पत्नी, माँ तथा कुशल गृहणी की भूमिका निभाने के कारण सभी कार्यो के मध्य समय का विभाजन सुव्यवस्थित नहीं कर पाती हैं और उनमें संघर्ष की विषमताओं की अनुभूति होती है। **धीगरा**

1972, ने अपने शोध अध्ययन के अन्तर्गत यह स्पष्ट किया कि कामकाजी महिलाएं घरेलू दायित्व के निर्वहन में कठिनाई का अनुभव करती हैं। बच्चों की देख–रेख और पति के लिए वह आवश्यक समय निकालने में असमर्थ पायी गयी।

नागराज 1989, के अध्ययन में तमिलनाडु में कामकाजी महिलाओं पर जनगणना तथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के द्वारा दिये गये समंको का विश्लेषण करने के साथ–साथ मदुरायी और बालामालापुरम के ग्रामीण क्षेत्र में वैयक्तिक विश्लेषण के आधार पर सामाजिक, आर्थिक सन्दर्भो में महिलाओं की सहभागिता की प्रकृति और स्थिति के सन्दर्भ में तथ्य प्रस्तुत किये हैं। आर्थिक विभेदीकरण, ध्रुवीकरण और दरिद्रीकरण के कारण महिलाओं का श्रम शक्ति में प्रविष्ट होना दर्शाया गया हैं।

उपरोक्त साहित्य अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि समाजशास्त्र के क्षेत्र में विभिन्न विद्धानों द्वारा कामकाजी महिलाओं के अलग–अलग पक्षों का अध्ययन किया गया है परन्तु कामकाजी महिलाओं के पारिवारिक समायोजन में उत्पन्न जटिलताओं का अध्ययन बहुत ही कम मात्रा में हुआ है अतः शोधार्थीनी द्वारा एक नए शिरे से नयी विषयवस्तु के रूप में इस समस्या को चुना गया है। यह अध्ययन लखनऊ जिले के विशेष के सन्दर्भ में किया जायेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

- स्टेट्स ऑफ वर्किंग वीमेन, पी0एच0डी0 थीसिस, लखनऊ वि0वि0 लखनऊ 1970 पृ0सं0 16–19
- 'मैरिज एण्ड द वर्किंग वीमेन इन इण्डिया' दिल्ली विकास पब्लिकेशन 1970
- 'द वर्किंग वीमेन' द पोजीशन ऑफ वीमेन इन इण्डिया, बम्बई 1973 पृ0सं0 18–19
- चेन्जिंग स्टेटस ऑफ द वर्किंग वीमेन इन इण्डिया
- 'वीमेन वर्कर इन इण्डिया' बम्बई एशिया पब्लिकेशन हाऊस, 1960 पृ0 सं0 284–289
- अल्टेकर, ए0 एस0 1956 : द पोजिशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन, बनारस
- कपूर, पी0 1972 : वीमेन इन द होम, इन कमला भसीन, पोजिशन ऑफ वीमेन इन इण्डिया
- गाडगिल डी0आर0 1965 : वीमेन इन वर्किंग फोर्स इन इण्डिया एशिया पब्लिकेशन हाउस, बाम्बे पेज सं0 7
- देसाई, नीरा 1957 : वीमेन इन मार्डन इण्डिया, वोरा एण्ड कम्पनी, बाम्बे
- हाटे, सी0ए0 1969 : चेजिंग स्टेट्स ऑफ वीमेन, एलाइड पब्लिशर्स प्राइवेट, लिमिटेड, बाम्बे
- दूबे एस0सी0 : मेन्स एण्ड वीमेन्स रोल इन इण्डिया इन वीमेन्स इन द न्यू एशिया, बाराबरा इ वार्ड, यूनेस्को, पेरिस 1963
- डॉ0 प्रमिला कपूर, कामकाजी भारतीय नारी, राजपाल एण्ड संस, दिल्ली
- सिंह वी0एन0 2010 : आधुनिकता एवं महिला सशक्तिकरण, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर
- प्रभु, पी0एन0 : 'हिन्दू सोशल आर्गेनाइजेशन, बाम्बे, पापुलर बुक डिपो 1958. पेज 258
- कपाड़िया, के0एम0 : द हिन्दू मैरिज एण्ड द फैमिली, मद्रास, पॉल एण्ड कम्पनी 1952 पेज–169–170

समकालीन गीतो में ध्वनित होता जनवाद

डॉ इन्दुरेखा सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष–हिन्दी विभाग,
मदन मोहन मालवीय पेस्टग्रेजुएट कालेज
कालाकांकर, प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

समकालीन गीत अधिक देशी हैं। वह इसलिए कि उसे अपनी जड़ो की पहचान है। समकालीन गीत में पश्चिमोन्मुखी दृष्टि का अभाव रहता है और यह अभाव ही उसके देशी होने का प्रमाण है। वह अपने देशी चरित्र को विकसित करती है। समकालीन गीत की यह पहचान उसे अधिक जीवन्त बनाती है। इसका कारण यह है कि नवगीत जनजीवन में अपनी सही धरती तलासती है। यह समकालीन गीत की इच्छा भर नहीं है बल्कि उसमें हमारी जमीन का पूरा विस्तार मिलता है। इसे नवगीत की लोकदृष्टि भी कह सकते हैं। लोकदृष्टि नवगीत की अन्तनिर्हित प्रवृत्ति हैं उसकी स्थिति संवेदनात्मक है। इसमें कवि के व्यापक लोकानुभव, जन जीवन के साथ उसका गहन सम्बन्ध परिवेश से तादात्म्य लोकभाषा और लोक व्यवहार का ज्ञान, समूची मानवीयता की पहचान, इतिहासबोध, संस्कृति दृष्टि और मानवीय आकांक्षाओं को तराशने की विशेष विवेकशीलता आदि मुख्यतः रहते है।

समकालीन गीत में प्रतिष्ठित आधुनिकता बोध भारतीय आधुनिकता बोध कहा जा सकता है। बीसवीं शती में जो देश गाँधी के पैदा कर सकता है, विनोवा को प्रतिष्ठित कर सकता है, उस देश की माटी पर अनास्थावादी आधुनिकता, अति भौतिकवादी आधुनिकता, अतिमांसलता वादी आधुनिकता और उपभोग की संस्कृति प्रधान आधुनिकता घर और कुटुम्ब की सत्ता को नकारने वाली व्यक्ति वादी आधुनिकता कभी जड़े नहीं जमा सकती भारतीयता के मूल दर्शन को राजेन्द्र गौतम ने कुबेर नाथ राय के निबन्ध के एक प्रसंग से अच्छे ढंग से व्याख्यायित करने का प्रयास किया है। उनका कहना है कि नवगीत में भी वेदना है, पर वह निरी रतिचक्र के खण्डित होने की वेदना नहीं अपितु ऋतुचक्र के घायल होने की वेदना भी है। कुबेरनाथ राय का निबन्धांश इस प्रकार है –

''रतिक्रिया से वंचित रह जाने का ऐन्द्रिक लोक का दुःख है परन्तु प्रणय में आहत और खण्डित होने का विप्रलम्भ प्रधान दुःख राग लोक का दुःख है, परन्तु साथ ही ऋतु चक्र के घायल हो जाने का दुःख रागोत्तर सार्वभौम वेदना से जुड़ा हैं।[1]

इस सम्बन्ध में श्री गौतम ने रेखांकित किया है कि इस दशक में नवगीत में आस्था, उल्लास और उपलब्धि का स्वर भी है परन्तु जहाँ तक दुखभंजक स्थितियों का सम्बन्ध है, उनका एक निजी व्यक्तित्व है। प्रणय में आहत होने का विप्रलम्भ प्रधान दुःख अपने राग लोक के संदर्भो के साथ नवगीत में निःसंदेह चित्रित हुआ है पर उसका मुख्य स्वर नहीं है वस्तुतः नवगीत वेदना का काव्य इस अर्थ में ही अधिक है कि उसकी वेदना ऋतुचक्र से घायल होने की वेदना है। रागोत्तर सार्वभौम वेदना उसका सन्दर्भ है, क्योंकि पूर्वोक्ति दोनों स्थितियाँ आत्मसीमित वेदना की है। उनमें भी प्रथम स्थिति अनुभोक्ता को ही बाँधती है दूसरी अपने साथ विश्व को जोड़ने के लिए उससे सहानुभूति पाने के लिए प्रयत्नशील है जबकि तीसरी स्थिति मुक्तावस्था में लोक से जुड़ने की स्थिति है। नवगीत इसी लोकोन्मुखी वेदनाभाव रूद्गाता, जन–जन की यातना को मुखरित करता है।[2]

नवगीतकार गाँव से सीधा जुड़ा है अतः उसकी वर्तमान की अभिव्यक्ति बड़ी वास्तविक और जीवन्त है। अन्य वैयक्तिक संदर्भो के अतिरिक्त जिस सामाजिक संदर्भ को नवगीत कारो ने स्पर्श किया है वह आज का आदमी आज के आदमी को जो राजनीतिक और सामाजिक परिवेश और उसकी विद्रूतपतओं के चित्र है,

उनकी जटिलता को इन कवियों ने रेखांकित किया है। स्वतंत्रता लोकतंत्र, न्याय, सुरक्षा, स्वाभिमान, जीवन की मौलिक आवश्यकताएँ, व्यक्तिगत अस्मिता आदि प्रश्न आज देश के आम आदमी के प्रश्न बन गये हैं। इन शब्दों ने अपना समस्त अर्थ खो दिया है। इनमें नई अर्थवत्ता स्थापित करने के लिए देश में नये परिवर्तन, नई क्रान्ति और नई स्वतंत्रता की जरूरत होगी। नवगीतकार के इसी जुड़ाव ने आपात काल में उसके गीतों को बड़ा धारदार स्वर प्रदान किया। डॉ0 शम्भूनाथ सिंह मावन जीवन के त्रास और राजनीतिक, सामाजिक विसमाताओं का सुंदर प्रतीकात्मक चित्रण प्रस्तुत करते हैं –

'हम रबर के खिलौने
बिकते है सुबह और शाम
लिख गयी अपनी किस्मत
सहजादों के नाम [3]

लोक संवेदना में समाज की पीड़ा विसंगति और संघर्ष को गीतकारों ने विविध रंग छवियों में रूपायित किया है। गाँव और सामज के यथार्थ जीवन चित्रों के साथ ही प्रकृति के अनेक टटके चित्र गीत को माटी की गन्ध से सुवासित करने लगे और लोकसंस्कृति के सम्पूर्ण तत्वों का समावेश गीतों में हो गया है। गीत ने केवल गाँव की झाँकी ही नहीं प्रस्तुत की बल्कि नगरीय जीवन के आदमी के दो मुँहेपन, बेगानेपन और उसकी स्वार्थ लोलुप मनोवृत्ति का भी चित्र खींचा, किन्तु इस प्रकार के चित्रणों में व्यंग्य था। जीवन के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण और एक सच्चे आत्मीय भारतीय समाज के रचना की उद्दाम लालसा थी। कवि 'कुमार शिव' ने अपने वक्तव्य में लिखा है जिस मिट्टी से गीत का जन्म हुआ है यदि उसकी गन्ध उसमें नहीं है तो फिर वह कैसा गति है।[4] उनके एक गीत का उदाहरण द्रष्टव्य है –

काट रहे हम दिन कपास से।
नाच रहे हम
तकली जैसे
बज उठते हैं
ढपली जैसे
हँसते है पर हैं उदास से।
लिए पुस्तिका
परिवादों की
जिल्द बँधी है।
अवसादों की
कटे हुए हैं आस–पास से।' [5]

गीत में समय का बोध अर्थात जनसामान्य की वेदना, पीड़ा, आहभरा हुआ है। जनवादी भावना की अभिव्यक्ति है। इस वातावरण में आदमी गायब हो चुका है। बाकी सब कुछ है। आदमी की शक्ल वाला तो कोई है, मगर आदमी जिसमें प्रेम और करूणा का सागर हिलोरे लेता था, वह आदमी आज कहाँ है –

गिरवी है सारी उम्मीदें
दिल का चैन रात की नीदे
कर्ज पसीने पर हावी है आखें चढ़ी थान की
इतनी भर जिन्दगी बची इंसान की।[6]

समकालीन गीतकारों को अपेक्षाकृत अधिक अभिशप्त एवं दाहक परिवेश में जीना पड़ा है। परिणामतः इनके गीतों में तल्खी और व्यंग्यात्मकता आनुपातिक रूप से अधिक है। गीतों में देश के दर्द के

साथ निज के दर्द को मिलाकर अपनी लाक्षणिक व्यंज्जना के साथ कवि ने कश्मीर घाटी के दर्द को उभारा है, इसे उनके एक लघुगीत में देखा जा सकता है।

धुंध के बादल छँटे
दिन स्वर्ण पंखी हो गये
बर्फ के पर्वत पिघलकर
झील में बदले
चाँदनी लिखने लगी फिर
दूधिया गजले,
शीत के सैनिक किसी
अन्धी गुफा में सो गये
चीड़–वन ने फिर उठाई
धूप की वंशी
लौट आये सान्ध्य गीतों
के सगुन पंक्षी
दर्द के एहसास ठहरे
कहकहों में खो गए [7]

गीतों की प्रमुख विशेषता उसमें सन्निहित लोकतत्व तथा जनवादी भावना है। गीतों में कथ्य, रूप और राग सभी लोकगीतों से प्रेरित है परन्तु दृष्टि और संवेदना युगानुकूल है। 'रमेश रंजक ने इस दृष्टि से बहुत ही सुन्दर प्रयोग किए हैं। उन्होंने ग्रामीण जीवन से सम्बन्धित विभिन्न प्रसंगो को आधार बनाकर उसी राग और भाषा में गीत लिखे परन्तु संवेदना और दृष्टि के कारण उसका अर्थ अत्यधिक विस्तृत और गहन हो गया है। निम्नलिखित गीत में राज–मजूरिन का चित्र देखने योग्य है –

गारे के पाँय
पसीने को अँचरा
शीश में धूल के बाल
स जनवा हमको न चावे गुलाल [8]

समकालीन गीतों में जीवन की कुछ जीवन्त मूर्तियाँ भी चित्रित की गयी हैं जो भुलाये नहीं भूलने वाली है। समकालीन गीतकारों ने अपने गीतों को मेहनतकश जनता के दुःख दर्द से जोड़ा है। फिर भी इनमें भारतीयता, भारतीय संस्कृति विद्यमान है। एक ग्रामीण बच्ची जो गरीब घर की बेटी है उसका चित्रण इस गीतांश में रेखांकित करने योग्य है –

कीचड़ में सनी हुई एड़ियाँ
कालिख से रंगी हथेलियाँ
कलुई कहती है सभी सहेलियाँ
चिथड़ो में लिपटी तो क्या हुआ
लाज छिपी है न तुम लजाओ [9]

समकालीन कवियों में गिरिजाकुमार माथुर तन्त्र युग का खुलकर विरोध करते हैं। तार सप्तक की गीतिका में वह लिखते हैं –

यन्त्र दैत्य चिंघाड़ रहे हैं

नभ की छाती फाड़ रहे हैं
अणु का वैश्वानर जलता है
धुँआ नागफन बन उठता है
नभ में तनी शक्ति की भुज है
और दूसरी ओर मनुज है।[10]

1967 में डॉ0 शम्भूनाथ सिंह की प्रसिद्ध गीत रचना धर्म युग में छपी और बाद में यह गीत उनके गीत संग्रह 'जहाँ दर्दनीला' में छपी। इस गीत में गीतकार ने आधुनिक जीवन की यथार्थ तस्वीर बहुत ही प्राणवत्ता के साथ नई भाषा के मुहावरे में प्रस्तुत किया है –

फुटपाथों की दीवारों पर
कीलों से जड़ दिया गया हूँ
नंगी सुबहें भूखी शामें
पहरा देती मुझको घेरे
व्यर्थ हो गयी सब रोशनियाँ
बेमानी हो गये अँधरे
बेमतलब बोलती जुबां है
अनचाहे घूमती नजर है
कत्लगाह को जाने वाली
पिजड़ा गाड़ी मेरा घर है। [11]

समकालीन गीत विद्या अनेक संघर्षो को लेकर आगे बढ़ रही है। इसके विकास की स्थिति है। आज इन गीतों के माध्यम से सब कुछ कहा जा रहा है। इसके कवि भाषागत, कथ्यगत और शैलीगत रूढ़ियों को छोड़कर निरन्तर आगे बढ़ रहे है। इन कोमल स्वरों में जनवादी चेतना के स्वर फूट रहे है। ऐसे गीतकार व्यक्ति समाज और व्यवस्था के सत्य को मुखरित कर रहे हैं। नयी कविता कविता से अकविता की ओर बढ़ी थी, किन्तु अब वह नवगीत या नयागीत से भी आगे अगीत तक पहुँच चुकी है। इसमें मूल्यों की बातें आ रही हैं। कवियों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक है और वे समकालीन जीवन के हर पहलू का चित्रण कर रहे हैं।

समकालीन गीतों का विकास भारत के अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण तथा स्वतन्त्र नीति और नवीन राष्ट्रीय वैचारिक वातावरण के समानान्तर ही रहा है। समाज की दशा दिशा और चेतना को इन गीतों से सर्वाधिक व्यक्त किया जा रहा है। समकालीन गीतो का विषय पक्ष जीवन्त सत्य का अनुगायक, यथार्थ जीवन मूल्यों का व्याख्याकार एवं नवीन सौन्दर्य बोध का जन्मदाता है। यथार्थ का सच्चा बोध समकालीन गीतों की आत्मा है। विविध बिम्बों, प्रतीकों, उपमाओं, उत्प्रेक्षाओं व्यंग्य और व्यंजनाओं से अपनी कथा को रचनाकारों ने कहा है। आम आदमी की पीड़ा संत्रास वेदना, लाचारियाँ, विद्रोही स्वर, व्यवस्था जन्य विसंगतियाँ सब कुछ इनसे व्यक्त हो रहा है। आम आदमी प्रायः केन्द्र में है। इन कवियों ने अनेक अछूते विषयों को सार्वजनिक किया है। यही इसकी विशेषता इसके भविष्य को उज्ज्वल बनायेगी। इसी गुण के कारण जनमानस इसको सबसे अधिक सुन और पढ़ रहा है। इन गीतों का प्रभाव काव्य की अन्य विधाओं और गद्य साहित्य पर पड़ रहा है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची–

1. कुबेर नाथराय, किरात नदी में चन्द्रमधु पृ0 32
2. राजेन्द्र गौतम हिन्दी नवगीत उद्‌भव और विकास पृ0 110
3. डॉ0 शम्भूनाथ सिंह, नवगीत दशक, भाग–एक पृ0 133
4. वही भाग–दो पृ0 21
5. वही, भाग–दो पृ0 23
6. रमेश रंजक, किरन के पाँव गीत से
7. डॉ0 शम्भूनाथ सिंह, नवगीत दशक भाग–तीन पृ0 20
8. रमेशरंजक, इतिहास दुबारा लिखों गीत से
9. डॉ0 शम्भूनाथ सिंह, माताभूमि पृ0 35
10. गिरिजा कुमार माथुर, गीतिका शीर्ष कसे
11. डॉ0 शम्भू नाथ सिंह, धर्मयुग 25 जून 1967

ग्रामीण विकास में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की भूमिका

डॉ0 उग्रसेन सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर– वाणिज्य संकाय
एम0एम0पी0जी0 कालेज, कालाकांकर, प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

रीजनल रूरल बैंक एक्ट, 1976 द्वारा भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना का रास्ता खोला गया। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा का घोर अभाव था। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा के विकास हेतु की गयी थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का व्यवसाय, क्रियाकलापों का निर्देशन एवं प्रबन्धन संचालक मण्डल द्वारा होता है। जिसमें भारत सरकार, राज्य सरकार एवं प्रायोजक बैंक के प्रतिनिधि होते हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का नियमन नाबार्ड द्वारा किया जाता है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के कुशल प्रबन्ध हेतु त्रिस्तरीय प्रबन्ध व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। उच्च स्तरीय प्रबन्ध व्यवस्था के अन्तर्गत प्रधान कार्यालय आता है। जिसका एक अध्यक्ष होता है तथा उसके अन्तर्गत प्रबन्धक शाखा प्रबन्धन, अग्रिम जमा, वसूली, कार्मिक, लेखा अंकेक्षण तथा प्रबन्धक जन सम्पर्क एवं नियोजन आते हैं। मध्य स्तरीय प्रबन्ध व्यवस्था के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय काम करते हैं। जो मुख्य कार्यालय एवं शाखा के बीच सेतु का कार्य करते हैं। निम्न स्तरीय प्रबन्ध व्यवस्था के अन्तर्गत शाखा प्रबन्धक आते हैं। जिसकी जिम्मेदारी शाखा के विभिन्न क्रियाकलापों पर नियंत्रण रखना होता है।

वित्तीय संसाधनों में स्वयं की निधि जिसके अन्तर्गत अंश पूँजी व प्रारक्षित निधि आती है तथा दूसरे प्रकार के संसाधन के रूप में अर्जित निधि को शामिल किया जाता है। जिसके अन्तर्गत जनता से प्राप्त जमा राशियां तथा पुनर्वित्त निधियों को शामिल किया गया है। कृषकों की अल्पकालीन, मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन साख की आवश्यकताओं को समयानुसार एवं उद्देश्यानुसार वर्गीकृत कर उनका क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक छोटे एवं सीमान्त कृषकों को विभिन्न योजनाओं के लिए साख सुविधायें देता हैं जिसमें फसली ऋण, अल्प सिंचाई ऋण व अन्य कृषि सम्बन्धी ऋण प्रमुख है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वितीयक क्षेत्र में लघु एवं कुटीर उद्योगों को साख सुविधायें प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त लघु व्यापार, ग्रामीण दस्तकारी, ग्रामीण हस्तकला आदि के प्रोत्साहन के लिए अनेक योजनाओं के अन्तर्गत साख सुविधायें प्रदान करता है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सेवा क्षेत्र में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है जिसके अन्तर्गत परिवहन चालकों, स्वरोजगार हेतु साख सुविधायें ग्रामीणों का उपलब्ध कराती है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने जहाँ छोटे व्यक्ति का बैंक बनकर ग्रामीण अंचल के आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देने का प्रयास किया है, वहीं बैंक को पूर्णतः दोषमुक्त भी नहीं कहा जा सकता है। अनुभव के आधार पर कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अनेक संगठनात्मक दोषों से ग्रस्त है जिसके कारण बैंकिंग नीतियों का सफल क्रियान्वयन नही हो पा रहा है। यही कारण है कि बैंक की कार्य प्रगति इतना सन्तोषप्रद नही रही, जितनी उससे अपेक्षा की गयी थी। बैंकिंग व्यवसाय की सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक बैंक की कार्यक्षमता है। बैंक के प्रबन्ध एवं संगठन समस्याओं का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि सुदृढ़ बैंकिंग कार्यक्षमता के अभाव में ग्रामीण अंचल के समन्वित आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को ग्रामीण विकास में और अधिक सक्रिय बनाने के लिए आवश्यक है कि बैंक की कार्यक्षमता में पर्याप्त सुधार किया जाय। यह आवश्यक है कि बैंक में कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण की सुविधाएं दी जाय तथा साथ ही साथ ग्रामीण बैंकिग सेवा

को अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रयास किये जाये चाहिये ताकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से कर्मचारियों का अन्य सेवाओं में पलायन को नियन्त्रित किया जा सकें।

ग्रामीण क्षेत्रों की कम आय के कारण क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को संचित जमा राशि के रूप में पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध नही हो पाती है । चूंकि बैंक मुख्यतः अपनी जमाओं पर निर्भर होते है इसलिए पर्याप्त जमाओं के अभाव में बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान करके उतना आर्थिक उत्थान नही कर पाये, जितना कि उनसे अपेक्षा की गयी थी। बैंक की सीमित वित्तीय संसाधन की समस्या अतिपरिपक्व ऋणों की वसूली समय से न हो पाने के कारण और अधिक विकराल रूप धारण कर लेती है। बैंक एवं प्रशासन द्वारा प्रदत्त ऋणों की वसूली सुनिश्चित करने के लिये प्रभावी एवं कठोर कदम अत्यन्त आवश्यक है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों के अन्य व्यापारिक बैंक के कर्मचारियों के समान एवं भत्ते देना ग्रामीण बैंकिंग व्यवसाय को अधिक आकर्षक बनाने की दशा में एक उचित कदम कहा जा सकता है। किन्तु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की वित्तीय संसाधन की सीमितता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त वेतन एवं भत्ते का भार राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं नाबार्ड द्वारा वहन करना चाहिए।

संक्षेप में, कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने ग्रामीण अंचल के समन्वित विकास के लिए अनेक ठोस एवं रचनात्मक कदम उठाये है, जो निम्नवत है–

- ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंक शाखा का विस्तार।
- ग्रामीण अंचल में जमा विस्तार का प्रयास।
- ग्रामीण अंचल के व्यक्तियों में बचत की आदत में प्रोत्साहन।
- जन सामान्य का बैंक बनकर ग्रामीण समाज के प्रत्येक वर्ग को वित्तीय सहायता दे।
- ग्रामीण अंचल में स्वरोजगार योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय सुविधा देकर आय एवं रोजगार के अतिरिक्त अवसरों का सृजन।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की कार्यपद्धति के सुधार के लिए तथा इन्हे समन्वित ग्रामीण विकास प्रक्रिया में और अधिक प्रगतिशील बनाने के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किये जा सकते हैं –

संगठनात्मक सुझाव :–

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का अध्यक्ष बैंक के संगठन का महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है । इसलिये यह आवश्यक हो जाता है कि ग्रामीण अंचल की समस्याओं से परिचित एवं कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञ व्यक्ति को ही प्रायोजक बैंक द्वारा अध्यक्ष पद पर नामित किया जाय, जिससे ग्रामीण अंचल की समन्वित विकास प्रक्रिया को अध्यक्ष विशेष के नेतृत्व में एक प्रगतिशील आधार मिल सके। अतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नियुक्ति प्रायोजक बैंक द्वारा गहन परीक्षण के बाद किया जाना चाहिए। प्रायोजक बैंक द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष पद के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं पर अवश्य विचार किया जाना चाहिए –

- प्रशासनिक क्षमता।
- नेतृत्व।
- ग्रामीण आर्थिक–सामाजिक समस्याओं का उचित ज्ञान।
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रति अनुकूल दृष्टिकोण।

पर परियोजनाधिकारी को निदेशक मण्डल में नामित प्रतिनिधि में रूप में। सम्मिलित किया जाना चाहिए।

कर्मचारी भर्ती एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी सुझाव :–

गाँवों में बैंक की शाखाओं के विस्तार मात्र से ग्रामीण अंचल के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती हैं। ग्रामीण अंचल का विकास जन–जन में आत्मनिर्भरता की भावना से परिलक्षित होता हैं। सर्वेक्षण के दौरान यह देखने में आया कि ग्रामीण बैंक में कार्यरत कर्मचारी आधारभूत सुविधा के अभाव के कारण गाँवों में रहना पसन्द नहीं करते है और निरन्तर कस्बों एवं शहरों में स्थानान्तरण के लिए प्रयासरत रहते है। इसके फलस्वरूप कर्मचारी में स्थान विशेष के विकास में कोई रूझान एवं लगाव नहीं रह जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि गाँवों में ही कर्मचारी आवास, स्कूल, बिजली, चिकित्सालय आदि की सुविधा प्रदान की जाय।

साथ ही साथ चयनित कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के कर्मचारियों को राज्य स्तर पर उचित प्रशिक्षण देने के लिए बैंकिंग प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जाना अनिवार्य है। उचित प्रशिक्षण से जहाँ कर्मचारियों की व्यक्तिगत प्रतिभा का विकास होगा, वहीं प्रशिक्षित कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बैंकिंग सेवा देकर समन्वित विकास की प्रक्रिया में अधिक रचनात्मक योगदान दे सकेंगे।

वस्तुतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विकास ग्रामीण अंचल की गरीबी व बेरोजगारी के खिलाफ लड़े जाने वाले आन्दोलन का सूचक है और प्रत्येक आन्दोलन की सफलता उसके मशालचियों पर निर्भर करती है । संस्था की मशाल उसके कर्मचारियों के हाथ मे रहती है अतः इस बात की आवश्यकता है कि कर्मचारियों में गाँवों के प्रति समर्पण की भावना जागृत की जानी चाहिये । सिद्धान्त कितना ही अच्छा क्यों न हो, उसका सही क्रियान्वयन तभी किया जा सकता है जब उसके सिद्धान्त से जुड़े व्यक्ति ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाह करें । कर्मचारियों की शिक्षा, दृष्टिकोण, स्वभाव, प्रतिभा कार्यशैली तथा उनके जनसम्पर्क मे सम्बन्धित सिद्धान्त की परछाई दृष्टिगोचर होनी चाहिये ।

जमा विस्तार सम्बन्धी सुझाव :–

जमाएं किसी भी बैंक की वित्तीय संसाधन का महत्वपूर्ण अंग है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाएं अभी भी गाँवों की बचत क्षमता का पूर्ण विदोहन नहीं कर पायी हैं। ग्रामीण अंचल में जमाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सचलयान के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाना चाहिये। सम्बन्धित क्षेत्र में बाजारों, हाटों व मेलों में मोबाइलयान द्वारा बचतों को आकर्षित करने के प्रयास किये जा सकते हैं।

ग्रामीण अंचल में बचत की क्षमता विकसित करने एवं जमा–विस्तार के लिए यह आवश्यक है कि–

बैंक कर्मचारियों द्वारा गाँव के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग शिविरों का आयोजन करके ग्रामीण व्यक्तियों को बैंकिंग सुविधाओं एवं उसके लाभों का बोध कराया जाय।

ग्रामीण अंचल के ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में, जहाँ बैंक सुविधा उपलब्ध न हो, चल बैंक सेवा आरम्भ की जानी चाहिये।

बैंकिग कार्य पद्धति को गति देने के लिए शाखावार जमा लक्ष्य निर्धारित किये जाने चाहिए। लक्ष्य से अधिक जमा संग्रहित करने वाली शाखाओं को पुरस्कृत किया जाना चाहिये।

आवेदन–पत्र, पासबुक, चेकबुक आदि आवश्यक सामग्री ग्रामीण बैंक ग्राहकों को सुगमता से उपलब्ध की जानी चाहिये।

ऋण विस्तार सम्बन्धी सुझाव :–

ग्रामीण अंचल में बेहतर बैंकिंग ऋण सेवा उपलब्ध करने के लिये आवश्यक है कि –

ग्रामवार ग्रामीण व्यक्तियों की साख आवश्यकता की जानकारी की जानी चाहिये। ऋण विस्तार कार्यक्रम की सफलता के लिए एवं ग्रामीण अंचल के समन्वित विकास के लिए यह आवश्यक है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपने शाखाओं के अधीन आने वाले ग्रामों की साख आवश्यकता का पता लगाए

तथा साथ ही साथ ग्रामीण निर्धन परिवारों के लिए बैंकिंग योजनाएं प्रस्तुत करें। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाओं को अपने कार्य क्षेत्र के सभी अर्ह व्यक्तियों को साख सुविधा प्रदान करनी चाहिये बशर्ते कि उन व्यक्ति को किसी अन्य संस्था से वित्तीय सहायता न प्राप्त हुई हो।

ग्रामीण अंचल की उपभोग ऋण आवश्यकताओं पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिये। सामान्यतः ग्रामीण अंचल के छोटे एवं गरीब किसान, ग्रामीण दस्तकार, खेतिहर मजदूर आदि को बैंक शाखाओं से उपभोग ऋण प्राप्त न होने के कारण पुनः महाजन व साहूकार के चंगुल में फंसने के लिए बाध्य हो जाते हैं। आज भी ग्रामीण अंचल में उपयोग ऋण का एक पर्याप्त अंश महाजन व साहूकारों द्वारा पूरा किया जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाओं को उपयोग ऋण सुविधा देने से इन्कार नहीं करना चाहिये क्योंकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना का मूलभूत उद्देश्य, ग्रामीण अंचल में ग्रामीण व्यक्तियों को महाजन व साहूकार के चंगुल से मुक्ति दिलाना है।

छोटे किसानों को कार्यशील पूँजी के रूप में पर्याप्त साख दी जानी चाहिए ताकि वे कृषि के लिए बीज, खाद, कीटनाशक दवाएं आदि समय पर खरीद सकें। ऐसे किसानों को कार्यशील पूँजी के साथ–साथ आवश्यकता पड़ने पर स्थिर पूँजी जैसे पम्पसेट, थ्रेसर, ट्रैक्टर आदि के लिए भी ऋण सुविधाएं दी जानी चाहिए। छोटे किसानों की भाँति ग्रामीण दस्तकारों को भी वित्तीय सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। छोटे किसानों व ग्रामीण दस्तकारों को कार्यशील पूँजी के रूप में ऋण देने के साथ–साथ बैंक को यह भी सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि ऋण का प्रयोग उसी उददेश्य के लिए किया जा रहा है, जिसके लिये वह ऋण आबंटित है । इसके लिए बैंक की शाखाओं। को सहकारी संस्थाओं के सहयोग से कृषकों व दस्तकारों को। आवश्यकतानुसार वस्तु रूप में सुविधा दी जानी चाहिये तथा विक्रेता को बैंक द्वारा स्वयं भुगतान किया जाना चाहिये। ऐसा करने से निश्चित ही ऋण का दुरूपयोग रूकेगा।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा छोटे किसानो व ग्रामीण दस्तकारों को गारन्टी व सुरक्षा पत्र प्रस्तुत न कर पाने के कारण ऋण सुविधा से वंचित नहीं किया जाना चाहिये । ग्रामीण अंचल के अधिकांश छोटे किसान व दस्तकार अपनी छोटी व सीमित आमदनी के कारण बैंक को गारन्टी व सुरक्षा पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं । गारन्टी व सुरक्षा पत्र के अभाव में बैंक से ऋण सुविधा न मिल पाने के कारण छोटे किसान व दस्तकार पुनः महाजन व साहूकार के चंगुल में फंसकर रह जाते हैं। बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण राशि पर ब्याज की दर में कटौती की जानी चाहिये। छोटे एवं सीमान्त किसानों, खेतिहर मजदूरों व ग्रामीण दस्तकारों को भी आई0आर0डी0 लाभार्थी की भाँति 12.5 प्रतिशत के स्थान पर 10 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधाएं दी जानी चाहिये।

कतिपय मामलों में यह देखने में आया है कि बैंक की शाखाओं ने साख सविधा उन्हें प्रदान की है, जिनकी आर्थिक दशा पहले ही सुधर चुकी है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाओं को ऋण विस्तार के समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिये कि बड़े एवं समृद्धि किसानों की तुलना में छोटे व सीमान्त किसानों को वरीयता दी जाय। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा ग्रामीण अंचल के प्रत्येक गाँव के परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए 4 प्रतिशत ब्याज दर पर विभेदन व्याज दर योजना सीमित रूप से लागू की गई है । इस योजना का निम्न आय स्तर वाले सभी ग्रामीण व्यक्तियों की सामाजिक व आर्थिक दशा सुधारने के लिए अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए। सौहार्द नही है तो ऐसी स्थिति में ग्रामीण अंचल के समन्वित आर्थिक विकास की परिकल्पना मिथ्या ही होगी।

स्थानीय नेताओं का बैंकिंग क्रियाकलापों में अनुचित हस्तक्षेप रोकने के लिए यह आवश्यक है कि स्थानीय नेताओं को ऋणार्थी के प्रस्तावक के रूप में बैंक द्वारा मान्यता न दी जाय । स्थानीय नेताओं द्वारा ऋणार्थी की प्रमाणित आय को तब तक वास्तविक न माना जाय, जब तक ग्राम प्रधान अथवा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा उसकी पुष्टि न कर दी जाये। बैकों को ग्रामीण विकास के लिए अधिक प्रभाव पूर्ण बनाया जा सकता है। ग्रामीण अंचल म बकिंग सेवा प्रदान करना एवं कमजोर वर्ग के लोगों को समुचित वित्तीय सहायता देना, एक कठिन कार्य है । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का बढ़ता व्यय भार एक चिन्ता का विषय है । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सीमित वित्तीय ससाधन के कारण उन्हें अयोग्य घोषित करना न्याय संगत नही होगा क्योंकि व्यापारिक बैंक की शाखाएं भी लक्ष्यित कृषि वित्त के सन्दर्भ में इस समस्या की अवस्था से गुजर रही हैं । कृषि साख की बढ़ती आवश्यकता एवं ग्रामीण अंचल की सामाजिक आर्थिक संरचना को ध्यान में रखकर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को और अधिक व्यवहार्यता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को सरकार अथवा प्रायोजक बैंक द्वारा प्रबन्धन अनुदान दिया जाना चाहिए ताकि बैंकों को हानि से बचाया जा सके।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को प्रायोजक बैंक, औद्योगिक विकास बैंक एवं नाबार्ड द्वारा कम ब्याज दर पर पुनर्वित्त सुविधा दी जानी चाहिए।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के रूप में नियुक्त अधिकारियों के वेतन व भत्ते आदि सम्बन्धित संस्थाओं द्वारा वहन किये जाने चाहिए। इन अधिकारियों के ऊँचे वेतन व भत्ते क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की वित्तीय समस्या को बढ़ाते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची –

1- जगदीश प्रकाश : भारत के सार्वजनिक उद्यम
2- प्रो० एम०एन० लाल : भारतीय अर्थव्यवस्था
3- बी०के० शर्मा : रूरल इम्प्लायमेन्ट प्रोफाइल
4- माता बदल शुक्ला : व्यावसायिक वित्त
5- कुरूक्षेत्र : ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार
6- वार्षिक रिपोर्ट : ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार